संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -349 रविवार ,22 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम की टेस्टिंग सफल

## रॉकेट से 17 किमी ऊपर भेजा गया,8 मिनट बाद पैराशूट से बंगाल की खाड़ी में लैंडिंग

**श्रीहरिकोटा,21 अक्टूबर 2023 (ए)।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) ने शनिवार को गगनयान मिशन के क्रू एस्केप सिस्टम की सक्सेसफुल टेस्टिंग की। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10 बजे इसे लॉन्च किया गया था। इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 (TV-D1) नाम दिया गया।

ये मिशन 8.8 मिनट का था। इस मिशन में 17 Km ऊपर जाने के बाद सतीश धवन स्पेस सेंटर से 10 Km दूर बंगाल की खाड़ी में करू मॉड्यूल को उतारा गया। रॉकेट में गड़बड़ी होने पर अंदर मौजूद एस्ट्रोनॉट को पृथ्वी पर सुरक्षित लाने वाले सिस्टम की टेस्टिंग की गई।

टेस्ट फ्लाइट में तीन हिस्से थे- अबॉर्ट मिशन के लिए बनाया सिंगल स्टेज लिक्विड रॉकेट, क्रू UM मॉड्यूल और करू एस्केप सिस्टम। विकास इंजन को मॉडिफाई कर ये रॉकेट बनाया गया था। वहीं क्रू मॉड्यूल के अंदर का वातावरण अभी वैसा नहीं था जैसा मैन्ड मिशन में होगा।

### टेस्टिंग में अबॉर्ट जैसी सिचुएशन बनाई गई

टेस्ट व्हीकल क्रू मॉड्यूल को ऊपर ले गया। जब रॉकेट साउंड की स्पीड से 1.2 गुना था तो अबॉर्ट जैसी सिचुएशन बनाई गई। लगभग 17 किमी की ऊंचाई पर करू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम अलग हो गए। क्रू मॉड्यूल को यहां से लगभग 2 Km दूर ले जाया गया और श्रीहरिकोटा से 10 Km दूर समुद्र में लैंड कराया गया।



इस मिशन में वैज्ञानिकों ने यह टेस्ट किया कि अबॉर्ट ट्रैजेक्टरी क्या ठीक तरह से काम किया। असल मिशन के दौरान रॉकेट में खराबी आने पर एस्ट्रोनॉट कैसे सुरक्षित रूप से लैंड करेंगे इसकी टेस्टिंग की गई। मिशन टेस्टिंग के लिए कुल चार टेस्ट फ्लाइट भेजी जानी हैं। TV-D1 के बाद (TV-D2) और D4 को भेजा जाएगा।

अगले साल की शुरुआत में गगनयान मिशन का पहला अनमैन्ड मिशन प्लान किया गया है। अनमैन्ड मिशन यानी इसमें किसी भी मानव को स्पेस में नहीं भेजा जाएगा। अनमैन्ड मिशन के सफल होने के बाद मैन्ड मिशन होगा, जिसमें इंसान स्पेस में जाएंगे। मैन्ड मिशन के लिए इसरो ने साल 2025 की टाइमलाइन तय की है।

अब गगनयान मिशन के बारे में जानें...

### गगनयान मिशन में तीन एस्ट्रोनॉट 400 KM ऊपर जाएंगे

गगनयान में 3 दिनों के मिशन के लिए 3 सदस्यों के दल को 400 KM ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा। इसके बाद करू मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराया जाएगा। अगर भारत अपने मिशन में कामयाब रहा तो वो ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इसे पहले अमेरिका, चीन और रूस ऐसा कर चुके हैं।

12 अप्रैल 1961 को सोवियत रूस के यूरी गागरिन 108 मिनट तक स्पेस में रहे। 5 मई 1961 को अमेरिका के एलन शेफर्ड 15 मिनट स्पेस में रहे।

15 अक्टूबर 2003 को चीन के यांग लिवेड 21 घंटे स्पेस में रहे। बेंगलुरु में स्थापित ट्रेनिंग फैसिलिटी में एस्ट्रोनॉट की ट्रेनिंग

इसरो इस मिशन के लिए चार एस्टोनॉट्स को ट्रेनिंग दे रहा है। बेंगलुरु में स्थापित एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में क्लासरूम ट्रेनिंग, फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग, सिम्युलेटर ट्रेनिंग और फ्लाइट सूट ट्रेनिंग दी जा रही है। PM मोदी ने 2018 में गगनयान मिशन की घोषणा की थी साल 2018 में, PM मोदी ने स्वतंत्रता दिवस भाषण में गगनयान मिशन की घोषणा की थी। 2022 तक इस मिशन को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। अब 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत तक इसके पूरा होने की संभावना है। गगनयान मिशन के लिए करीब 90.23 अरब रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

### पहले दो बार टला था मिशन

इससे पहले आज ही दो बार मिशन को टाला गया था। इसे 8 बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन मौसम ठीक नहीं होने कारण इसका टाइम बदलकर 8.45 किया गया। फिर लॉन्चिंग से 5 सेकेंड पहले इंजन फायर नहीं हो पाए और मिशन टल गया। इसरो ने कुछ देर बाद गड़बड़ी ठीक कर ली।

# अन्नाद्रमुक ने की तत्काल कार्रवाई की मांग

## कार्यकर्ताओं ने सरकारी अधिकारियों पर किया हमला



**चेन्नई 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक के कार्यकर्ताओं पर सरकारी अधिकारियों पर हमला करने का आरोप लगाया है। अन्नाद्रमुक ने शनिवार को द्रमुक सरकार से आरोपित पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

विपक्षी नेता पलानीस्वामी ने द्रमुक पर लगाया आरोप

विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने कहा कि कुछ दिन पहले तिरुचिरापल्ली में एक उप तहसीलदार और एक राष्ट्रीयकृत बैंक के कर्मचारियों पर द्रमुक के समर्थकों ने हमला किया था। गंभीर रूप से घायल अधिकारी और बैंक कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सरकारी अधिकारियों पर कब हुआ हमला?

बता दें कि उप तहसीलदार और बैंक कर्मचारियों का एक दल जब 22 करोड़ रुपये लोन वसूली के सिलसिले में उधारकर्ताओं की संपत्ति को जब्त करने गया था उसी समय उन पर हमला किया गया। विरोध में राज्य राजस्व कर्मचारी संघ ने कार्रवाई की मांग करते हुए तिरुचिरापल्ली जिले में धरना दिया।

# बीड़-बिलिंग घाटी में पैराग्लाइडर क्रैश होने से पायलट की मौत

**कांगड़ा,21 अक्टूबर 2023 ।** जिला कांगड़ा में पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बीड़-बिलिंग घाटी से उड़ान भरने वाले लखनऊ के लापता पायलट का शव मिल गया है। पायलट की पहचान अभ्रूदय वर्मा (29) के रूप में हुई है। वहीं पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, पायलट ने बीते कल करीब 11:00 बजे बिलिंग से उड़ान भरी और बिलिंग घाटी के पीछे की तरफ उनका पैराग्लाइडर क्रैश हो गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद बीड़ से 12 सदस्यों का एक बचाव दल लापता पायलट की तलाश में भेजा गया था। अंधेरे के कारण शुक्रवार देर शाम को बचाव दल पायलट की तलाश करने में असफल रहा था।शनिवार सुबह पायलट के पैराग्लाइडर के कुछ दूरी पर ही बचाव दल को पायलट का शव मिल गया। प्रशासन ने परिजनों को किया सूचित कर दिया है।

# चीन ने एलओसीपर सालभर में बढ़ाई सैनिकों की तैनाती

## लद्दाख-डोकलाम के पास लगातार सड़कें, हेलीपैड बना रहा ड्रैगन

**नई दिल्ली 21 अक्टूबर 2023 ।** मई 2020 में गलवन घाटी में भारत से हुई भिड़ंत के बाद चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर सैन्य तैनाती में कोई कटौती नहीं की है। निरंतर अपने सैनिकों की मौजूदगी बनाए रखी है। यही नहीं, सालभर में सैनिकों की तैनाती और बढ़ी है। उसने बुनियादी ढांचे का निर्माण भी बदस्तूर जारी रखा है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।




**एलएसी पर चीन की ओर से सैन्य बुनियादी ढांचों पर काम जारी**

इसमें कहा गया है कि 2022 में चीन ने एलएसी के साथ सैन्य बुनियादी ढांचों का विकास जारी रखा है। इनमें डोकलाम के पास अंडरग्राउड भंडारण सुविधाएं, लद्दाख समेत एलएसी के सभी तीन सेक्टरों में नई सड़कें, पड़ोसी भूटान में विवादित क्षेत्रों में नए गांव, पैंगोंग झील पर दूसरा पुल, केंद्रीय क्षेत्र के पास एक दोहरे इस्तेमाल वाला हवाई अड्डा और कई हेलीपैड आदि शामिल हैं।

चीन ने 2022 में एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र में रिजर्व में चार संयुक्त हथियार ब्रिगेड (सीएबी) के साथ झिंजियांग और तिब्बत सैन्य जिलों के दो डिवीजनों के सहयोग से एक सीमा रेजिमेंट तैनात की है।

**एलएसी पर चीनी सैनिकों की अधिक तैनाती**

चीन ने अन्य थिएटर कमांड से पूर्वी क्षेत्र में तीन हल्के से मध्यम सीएबी और एलएसी के मध्य क्षेत्र में अतिरिक्त तीन सीएबी भी तैनात किए हैं। पेंटागन की रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि हल्के सीएबी का हिस्सा वापस चला गया है लेकिन तैनात बलों का अधिकांश हिस्सा एलएसी पर बना हुआ है।

मई 2020 से अब तक चीनी और भारतीय सेनाओं के बीच एलएसी के पास कई स्थानों पर पत्थरों, लाठियों और कंटीले तार लगे डंडों के साथ झड़पें हुई हैं। गतिरोध के कारण विवादित सीमा के दोनों ओर सेनाओं का जमावड़ा लगा।

**चीन ने अपनी परमाणु क्षमता बढ़ाई**

पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि चीन ने पिछले एक साल में परमाणु हथियारों की संख्या भी बढ़ाई है। उसके पास अब 500 परमाणु हथियार हैं। पेंटागन के मुताबिक, चीन का लक्ष्य 2030 तक एक हजार परमाणु हथियार बनाने का है।

# सड़क से लुढ़क कर 20 फीट नीचे कूड़ेदान में गिरी पिकअप

**चंबा, 21 अक्टूबर 2023।** जिला चंबा के उपमंडल चुराह के अंतर्गत भंजराडू बाजार के पास डोभ में एक पिकअप अचानक फिसल कर 20 फीट नीचे कूड़ेदान में गिर गई है। कूड़ेदान में गिरने के कारण पिकअप के आगे का शीशा और लाइट टूट गई है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन का चालक वाहन को सड़क किनारे पार्क कर बाजार गया था। जिसके बाद अचानक वाहन फिसलने लगा और 20 फीट नीचे जाकर कूड़ेदान में जा गिरा।



बता दें कि भंजराडू बाजार सहित आस-पास के गांववासी डोभ नामक स्थान पर कूड़ा-कर्कट कूड़ेदान में फेंकते हैं। ज्यादा कूड़ा इकट्ठा होने पर उसे जला दिया जाता है। वहीं जब पिकअप कूड़ेदान में गिरी तो उसमें आग लगी हुई थी। कूड़े में लगी आग के बीच वाहन गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कूड़े में लगी आग बुझाने में जुट गई। जिसके बाद करीब एक बजे आग पर काबू पाया गया।

वहीं सूचना मिलने के बाद नायब तहसीलदार भी टीम सहित मौके पर पहुंचे। इसके बाद हाइड्रा मशीन से पिकअप वाहन को कूड़ेदान से निकाला गया। अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायरमैन मनोज कुमार द्वारा खबर की पुष्टि की है।

# निशिकांत का दावा...दुबई से खोली गई महुआ की आईडी,महुआ बोलीं-सुना है सीबीआई आने वाली है,एजेंसी घर आए...जूते गिन ले

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2023।** संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप में घिरीं TMC सांसद महुआ मोइत्रा पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक और गंभीर आरोप लगाया है। निशिकांत ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा- कुछ पैसे के लिए एक सांसद ने देश की सुरक्षा को गिरवी रख दिया।

दुबे ने लिखा- दुबई से संसद के ID खोले गए, जबकि उस वक्त वो कथित सांसद भारत में ही थीं। इस नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (NIC) पर पूरी भारत सरकार है। देश के प्रधानमंत्री, वित्त विभाग, केन्द्रीय एजेंसी यहां हैं। क्या अब भी TMC व विपक्षी दलों को राजनीति करना है। निर्णय जनता का है। NIC ने यह जानकारी जांच एजेंसी को दे दी है।



इधर, महुआ मोइत्रा ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के दावे पर कहा- मेरी NIC से अपील है कि वो सभी सांसदों की यह जानकारी सार्वजनिक करें कि जब उनकी आईडी उनके पीए और रिसर्चर इस्तेमाल कर रहे थे, तब वो भी वहां फिजिकली मौजूद थे। इसके लिए फर्जी डिग्री वालों का इस्तेमाल न करें।

महुआ ने कहा- मुझे पता चला है कि CBI मेरे घर पर छापा मारने वाली है। मैं दुर्गा पूजा में व्यस्त हूं। मैं CBI को घर आने और मेरे जूतों की जोड़ी गिनने के लिए आमंत्रित करती हूं। लेकिन सबसे पहले अडाणी पर FIR दर्ज करें, जिन्होंने कोयला घोटाला के जरिए देशवासियों का 13 हजार करोड़ रुपए चुराए हैं।

### क्या है मामला?

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 15 अक्टूबर को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने महुआ पर आरोप लगाए थे कि महुआ ने संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे और तोहफे लिए थे। इस मामले को स्पीकर ने एथिक्स कमेटी को भेज दिया है। महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में लोकसभा की एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी।

इसके लिए कमेटी ने निशिकांत दुबे को बुलाया है। लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु ने दुबे को नोटिस जारी करते हुए ये जानकारी दी। निशिकांत सुनवाई में मौजूद रहेंगे या नहीं, इसे लेकर उन्हें 20 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा गया है। ये सुनवाई संसद के कमेटी रूम में होगी।

# गश्त के दौरान चिट्टा सहित काबू किए तीन युवक

**हमीरपुर, 21 अक्टूबर 2023(ए)।** जिला हमीरपुर में पुलिस थाना भोरंज की टीम ने 8 ग्राम चिट्टा सहित तीन युवकों को काबू किया है। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान सौरभ निवासी गांव बत्तैल डाकघर भांवला, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी, सोमनाथ उर्फ दाणू निवासी गांव कोट टांडा, डाकघर कोट, तहसील भराड़ी जिला बिलासपुर और नीरज गांव बत्तैल, डाकघर भांवला, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी के रूप में हुई है।




जानकारी के अनुसार, भोरंज पुलिस की टीम बडयाणा जंगल में गश्त और यातायात चेकिंग पर थी। जिस दौरान रात को करीब 10 बजे मनोह की तरफ से एक कार आई। जिसे रुकने का इशारा किया गया। चालक ने गाड़ी को सड़क की बाईं ओर रोक दिया। गाड़ी में तीन युवक सवार थे। पुलिस ने शक के आधार पर तलाशी ली तो गाड़ी के फुटमैट के नीचे एक पॉलिथीन पाउच से 8 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमीरपुर अशोक कुमार वर्मा द्वारा मामले की पुष्टि की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

# सीरियल किलर बनी 22 साल की वैज्ञानिक

## 20 दिन में 5 लोगों को मारा,इस केमिकल का किया इस्तेमाल

**नागपुर, 21 अक्टूबर 2023।** महाराष्ट्र के नागपुर से एक ऐसी घटना सामने आ रही है जिसे जान कर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे. अपने पिता की मौत का बदला लेने के लिए अपने पति और चार ससुराल वालों की हत्या वह भी ऐसी तरकीब से जिसे देख आम आदमी के साथ-साथ पुलिस के भी होश उड़ गए. वैवाहिक जीवन से कथित तौर पर परेशान इस शातिर महिला ने घटना को अंजाम देने के लिए ऐसे केमिकल का इस्तेमाल किया था जिसका न तो कोई रंग होता है, ना कोई स्वाद और ना ही गंध और इसे कैमेस्ट्री की भाषा में जहरों का जहर कहा जाता है. आखिर क्या है पूरा मामला और कैसे हुआ इसका पर्दाफाश, आइए जानते है विस्तार से...

**पिता के मौत का जिम्मेदार ससुराल वालों को मान रही थी महिला**

आरोपी महिला का नाम संघमित्रा बताया जा रहा है. साथ ही जानकारी यह भी मिल रही है कि इस घटना में महिला ने अपनी एक मित्र को भी शामिल किया था जिसका नाम रोजा रामटेके बताया जा रहा है. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है. एक 22 साल की कृषि वैज्ञानिक महिला का वैवाहिक जीवन अच्छा नहीं चल रहा था. इस अनबन से परेशान संघमित्रा के पिता ने पांच महीने पहले महाराष्ट्र के अकोला स्थित अपने घर पर खुदकुशी कर ली थी. उसके बाद से ही महिला इस मौत का जिम्मेदार अपने ससुराल वालों को मान रही थी।



**सहेली रोजा की मदद से दिया वारदात को अंजाम**

इसी वजह से उसने बदल लेने के लिए वैज्ञानिक रिसर्च कर इस बारे में पता लगाया कि कौन से जहर का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम दिया जाए ताकि सुरक्षा एजेंसियों को पता ना लग सके. इसी क्रम में उसे सबसे घातक केमिकल ÷थैलियम÷ के बारे में जानकारी मिली जिसका उसने इस्तेमाल किया. इसके बाद उसने गढ़चिरौली के जो कि महाराष्ट्र का माओवाद प्रभावित जिला है एक अज्ञात आदिवासी गांव में अपनी सहेली रोजा की मदद से पति और 4 ससुराल वालों को भी एक-एक कर इस घातक जहरीले केमिकल थैलियम को इंजेक्ट किया।

**20 दिनों में 5 लोगों की हत्या**

बता दें कि उसने एक ही दिन में इन घटनाओं को अंजाम नहीं दिया, बल्कि इसके लिए उसने कुल 20 दिन लिए. उसके ससुराल वालों के मौत का सिलसिला 20 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच जारी रहा। शुरुआत में जब ऐसी घटना हुई तो डॉक्टर भी हैरान थे क्योंकि मौत का असली कारण उन्हें नहीं चल पा रहा था। लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में इस जहरीलें केमिकल की मौजूदगी के बाद इस मामले की जांच और गहन और तेज हुई। एक-एक कर ऐसी घटना देख जांच की गई तब जाकर थैलियम के बारे में जानकारी मिली।

# सुप्रीम कोर्ट ने 3 माह की बच्ची से रेप-हत्या मामले में मिली मौत की सजा की खारिज

**नई दिल्ली 21 अक्टूबर 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन माह की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में मृत्युदंड के सजायाफ्ता एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को यह कहकर खारिज कर दिया कि मामला जल्दबाजी में सुना गया और व्यक्ति को अपने बचाव का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। शीर्ष अदालत ने मामले में नए सिरे से सुनवाई करने को कहा है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि संबंधित मुकदमा 2018 में दर्ज हुआ था, जिसे आरोप पत्र दायर होने की तारीख से महज 15 दिनों के भीतर पूरा कर लिया गया। आरोपित को निचली अदालत ने कई अपराधों के लिए दोषी ठहराया। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि निचली अदालत ने मामले में आरोपित को अपने खुद के बचाव के लिए उचित अवसर दिए बिना सुनवाई में जल्दबाजी की।

निचली अदालत के फैसले को खारिज किया

पीठ में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा,



%इसलिए दोषसिद्धि का फैसला और निचली अदालत द्वारा दी गई उस सजा को खारिज किया जाता है, जिसकी हाई कोर्ट ने भी पुष्टि की है। मामले में नए सिरे से सुनवाई के लिए इसे फिर से निचली अदालत को भेजा जाता है और याचिकाकर्ता को अपने बचाव के लिए पर्याप्त अवसर दिए जाने का निर्देश दिया जाता है।

C M Y K

## संपादकीय

## महिला रोजगार का ये हाल

भारत के श्रम बाजार में अब सिर्फ 15.9 महिलाएं मौजूद हैं। ताजा आंकड़ा 2022-23 का है। चार साल पहले यानी 2018-19 में भारत में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 21.9 प्रतिशत थी।

यह आंकड़ा चौंकाने वाला- और संभवतः आहत करने वाला भी है कि नियमित वेतन वाली नौकरियों के दायरे में भारत के श्रम बाजार में अब सिर्फ 15.9 महिलाएं मौजूद हैं। ताजा आंकड़ा 2022-23 का है। चार साल पहले यानी 2018-19 में भारत में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 21.9 प्रतिशत थी। श्रम शक्ति में भागीदारी का अर्थ उन लोगों से होता है, जो या तो नौकरी में हों, या नौकरी की तलाश में हों। इसमें उन लोगों को शामिल नहीं किया जाता, जिन्हें नौकरी की जरूरत ना हो, या जिन्होंने नौकरी मिलने की संभावना से निराश होकर इसे ढूंढना ही छोड़ दिया हो। ताजा आंकड़े सरकार की आवधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट से सामने आए हैं। ये आंकड़े हाल में जारी किए गए। इस सर्वे में अपना कोई काम-धंधा कर रहे लगे लोगों को भी रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की श्रेणी में गिना गया है। इस आधार पर बेरोजगारी घटने और महिलाओं-पुरुषों दोनों की श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ने का दावा किया गया है। बीते हफ्ते इस बात का जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किया। लेकिन जब एक अंग्रेजी अखबार ने वेतनभोगी कर्मियों के बीच श्रम शक्ति भागीदारी दर का विश्लेषण किया, तो विपरीत तस्वीर सामने आई। सूरत यह उभरी कि 2019-19 के बाद से लगातार श्रम शक्ति में वेतनभोगी नौकरी वाली महिलाओं की संख्या गिरी है। पीएलएफएस का यह आंकड़ा गौरतलब है कि देश के कुल कामकाजी लोगों में 57.3 प्रतिशत लोग स्वरोजगार में हैं, लेकिन महिलाओं के बीच यह संख्या 65.3 फीसदी है। बहरहाल, सरकारी दावे के मुताबिक मान लिया जाए कि स्वरोजगार भी रोजगार है, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वरोजगार वाले लोगों की औसत आय क्या है।

## अंतरिक्ष की उड़ान...गगनयान ने बढ़ाया भारत का मान...भारत की मुट्ठी में होगा आसमान


# अंतरिक्ष की उड़ान भरने भारत का पहला गगनयान



किशन सनमुखदास भावनानीं
गोंदिया,म0प्र0

वैश्विक स्तरपर भारत जिस तेजी के साथ भारत अपनी टेक्नोलॉजी के विस्तार प्रौद्योगिकी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है दुनियां यह देखकर हैरान है ! परंतु जब उनका ध्यान भारत के पैतृक और पीढ़ियों से गॉड गिफ्टेड में मिली बौद्धिक क्षमताओं पर जाता है तो उन्हें विश्वास करना पड़ता है कि असफलताओं से सफलताओं का रास्ता ढूंढने वाले भारत माता के सपूतों की जय हो! चंद्रयान-3 सूर्यायान की सफलता के बाद अब बारी गगनयान की है जिसके आधार पर भारत ने 2040 तक चंद्रमा पर मानवीय दल भेजने की अपनी रूपरेखा तैयार कर ली है। याने आज दिनांक 21 अक्टूबर 2023 सुबह 8 बजे भारतीय अंतरिक्ष यान के साथ पहले गगनयान कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। जिसकी आगे की रूपरेखा पूर्ण रूप से तैयार है। चूंकि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)द्वारा कतारबद्द सफलताओं की श्रेणी में एक और सफलता अर्जित की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरिक्ष की उड़ान, गगन यह ने बढ़ाया भारत का मान, भारत की मुट्ठी में होगा आसमान।

साथियों बात अगर हम गगनयान कार्यक्रम की शुरुआत की करें तो, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान (इसरो) शनिवार (21 अक्टूबर, 2023) को सिंगल स्टेज लिक्विड रॉकेट की लॉन्चिंग के जरिए पहले क्रू मॉड्यूल टेस्टिंग के साथ ही अपने महत्वाकांक्षी मानवअंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की यात्रा को रफ्तार देगा। यहपरीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया गया। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसरो के अन्य मिशन से इतर अंतरिक्ष एजेंसी अपने परीक्षण वाहन एकल चरण वाले तरल रॉकेट (टीवी-डी1) के सफल प्रक्षेपण का प्रयास, जिसे 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे इस स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया था।




इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण वाहन मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि उड़ान परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत है। इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा, जिसके 2025 में अमल में आने की उम्मीद है। इसमें क्रू इंटरफेस, जीवन रक्षक प्रणाली, वैमानिकी और गति में कमी से जुड़ी प्रणाली (डिसेलेरेशन सिस्टम) मौजूद हैं। नीचे आने से लेकर उतरने तक के दौरान चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे पुन- प्रवेश के लिए भी डिजाइन किया गया है।

साथियों बात अगर हम इस मिशन की सफलता,शेष परीक्षणों की तैयारी की करें तो, इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष परीक्षणों और मानव रहित मिशन के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा, जिसके 2025 में आकार लेने की उम्मीद है। टेस्ट वीइकल एस्ट्रोनॉट के लिए बनाए गए क्रू मॉड्यूल को अपने साथ ऊपर ले जाएगा। फिर 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर किसी एक पॉइंट पर अबॉर्ट जैसी स्थिति बनाई जाएगी और क्रू एस्केप सिस्टम को रॉकेट से अलग किया जाएगा। इस दौरान टेस्ट किया जाएगा कि क्या क्रू एस्केप सिस्टम ठीक काम कर रहा है। इसमें पैराशूट लगे होंगे, जिनकी मदद से यह सिस्टम श्रीहरिकोटा तट से करीब 10 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में टचडाउन करेगा। भारतीय नेवी का जहाज और डाइविंग टीम की मदद से इसे बाहर निकाला जाएगा।

साथियों बात अगर हम गगनयान मिशन के लाइव प्रोग्राम टेलीकास्ट की करें तो, अनेक निजी टीवी चैनलों सहित टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान प्रक्षेपण का डीडी न्यूज चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया और इसरो अपनी आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रक्षेपण का सीधा प्रसारण किया। परीक्षण के दौरान चालक बचाव प्रणाली, क्रू मॉड्यूल विशेषताएं और अधिक ऊंचाई पर गति नियंत्रण शामिल हैं। इस अभियान के माध्यम से, वैज्ञानिकों का लक्ष्य चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिन्हें वास्तव में गगनयान मिशन के दौरान एलवीएम-3 रॉकेट से क्रू मॉड्यूल में भेजा जाएगा।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को इसरो वैज्ञानिकों से मीटिंग की करें तो, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2040 तक चंद्रमा पर इंसान को भेज सकता है। 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। हालांकि इससे पहले 2025 में वह अंतरिक्ष में मानव मिशन गगनयान भेजेगा। यह टारगेट मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को इसरो के वैज्ञानिकों के साथ पीएम की मीटिंग में तय किए गए। पीएम ने 21 अक्टूबर को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम की टेस्टिंग की तैयारियों की जानकारी भी ली थी। पीएमओ ने प्रेस में बताया था कि भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान 2025 में होने की संभावना है।मीटिंग में पीएम ने इसरो के वैज्ञानिकों से कहा था कि हमें 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाने और 2040 तक चंद्रमा पर मानव भेजने की योजना पर काम करना चाहिए। पीएम ने वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर पर भी काम करने को कहा था। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो लगातार अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपना कद बढ़ाती जा रही है। कुछ ही दिन पहले पीएम ने गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान वैज्ञानिकों के लिए नए टारगेट सेट किए। 2040 तक पहले भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखें। शुक्र और मंगल ग्रह के लिए भी मिशन की शुरुआत करने की बात पीएम ने कही थी। बैठक में गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की गई थी। पीएम ने साल 2018 में स्वतंत्रता दिवस भाषण में गगनयान मिशन की घोषणा की थी। 2022 तक इस मिशन को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। अब 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत तक इसके पूरा होने की संभावना है। इसरो इस मिशन के लिए चार एस्टोनॉट्स को ट्रेनिंग दे रहा है। बेंगलुरु में स्थापित एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में क्लासरूम ट्रेनिंग, फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग, सिम्युलेटर ट्रेनिंग और फ्लाइट सूट ट्रेनिंग दी जा रही है। इसरो भविष्य के मानव मिशनों के लिए टीम का विस्तार करने की योजना भी बना रहा है। गगनयान मिशन के लिए करीब 90.23 अरब रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरिक्ष की उड़ान - गगनयान ने बढ़ाया भारत का मान - भारत की मुट्ठी में होगा आसमान।अंतरिक्ष की उड़ान भरने भारत का पहला ह्यूमन मिशन गगनयान।भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहले गगनयान कार्यक्रम की शुरुआत हुई,2025 से 2040 तक की रूपरेखा की तैयारी सराहनीय है।

## भाजपा का दक्षिण का प्लान बेपटरी



भारतीय जनता पार्टी का दक्षिण भारत के पांच राज्यों का प्लान बेपटरी हो गया है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भाजपा ने बैकफुट पर है और उसे समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करना चाहिए। तभी कई स्तर पर डैमेज कंट्रोल शुरू हुआ है हालांकि उसका कोई फायदा भी होता नहीं दिख रहा है। भाजपा ने पिछले दिनों कर्नाटक में जेडीएस के साथ तालमेल किया तो ऐसा माना गया कि यह मास्टरस्ट्रोक है, जिसका कांग्रेस के पास जवाब नहीं होगा। लेकिन यह तालमेल उलटा पड़ गया है। भाजपा और जेडीएस दोनों के अंदर बड़ा विवाद है। जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष सीएम इब्राहिम ने पार्टी के विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ जाने का ऐलान किया। अब एचडी देवगौड़ा परिवार को उनको पार्टी से निकालेगा। दूसरी ओर भाजपा के वोक्कालिगा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा इस तालमेल को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

इससे पहले भाजपा ने तेलंगाना के लिए बड़ी महत्वाकांक्षी योजना बनाई थी। हैदराबाद नगर निगम में पार्टी के बड़े नेताओ ने प्रचार किया था और भाजपा के अच्छे प्रदर्शन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ी थी। इससे सत्ता विरोधी माहौल बना था। लेकिन अचानक किसी अज्ञात कारण से भाजपा पीछे हट गई, जिसका नतीजा यह हुआ है कि तेलंगाना में उसकी बनाई सत्ता विरोधी लहर का फायदा कांग्रेस को होता दिख रहा है। पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि वह मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी के साथ परोक्ष तालमेल जारी रखे या चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ तालमेल करे। सो, उसकी योजना वहां भी आगे नहीं बढ़ पा रही है।

तमिलनाडु में अन्ना डीएमके से भाजपा का तालमेल खत्म हो गया है। असल में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और ए राजा ने सनातन को लेकर विवादित बयान दिया, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा उनके ऊपर टूट पड़ी। इससे अन्ना डीएमके को बैकफुट पर आना पड़ा। तभी उसने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई द्वारा अपने नेताओं पर दिए बयान का बहाना बना कर गठबंधन तोड़ लिया। अब भाजपा के नेता एक तरफ अन्ना डीएमक को मनाने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी ओर अकेले लड़ने की तैयारी भी कर रहे हैं। कोई आठ-नौ साल पहले भाजपा ने केरल में आक्रामक तरीके से अपना अभियान शुरू किया तो सुरेश गोपी उसके ट्रम्प कार्ड थे। मलयालम फिल्मों के बड़े सितारे सुरेश गोपी को पार्टी ने राज्यसभा में मनोनीत किया और उनकी पार्टी के साथ तालमेल किया। लेकिन अब वे भी दूरी बनाए हुए हैं। भाजपा ने उनको कोलकाता स्थिति सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीच्यूट का अध्यक्ष बना कर कोलकाता भेजने की प्लानिंग की थी। अब कहा जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। अगर वे भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो यह भाजपा के लिए बड़ी बात होगी और तब वह केरल में मजबूती से तीसरे स्थान की राजनीति कर पाएगी।

# बाइडेन के लिए बाधा बन रही इजराइल की जंग

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मध्य-पूर्व में घिर आए संकट के बादलों को जबरदस्त गंभीरता से ले रहे हैं। यहां तक कि वे अपने देश की समस्याओं को परे खिसकाकर इजराइल पहुंच गए हैं और फिलहाल शायद यूक्रेन-रूस युद्ध के बारे में सोच भी नहीं रहे हैं।

लेकिन जिस समय वे टकराव कम करने के अपने मिशन को हासिल करने के लिए हवाई जहाज पर सवार हो रहे थे उसी समय गाजा के एक अस्पताल में हुए विस्फोट में सैकड़ों फिलस्तीनी नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। हमास ने इसे इजराइल के हवाई हमले का नतीजा बताया, जबकि इजरायली सेना का दावा है कि यह फिलस्तीनी इस्लामिक जेहाद नामक उग्रवादी संगठन द्वारा छोड़े गए राकेटों की वजह से हुआ। लेकिन इस्लामिक जेहाद ने भी इससे इनकार किया है। घटना के लिए कौन जिम्मेदार है इस पर आरोपों-प्रत्यारोपों के दौर के बीच जॉर्डन ने इस 'जघन्य युद्ध अपराध' की निंदा करते हुए उसकी मेजबानी में अम्मान में होने वाली बाइडेन और फिलस्तीन व मिस्र के नेताओं की वार्ता रद्द करने की घोषणा की है। इससे राष्ट्रपति बाइडेन का यात्रा कार्यक्रम फिलहाल सिर्फ इजराइल तक सीमित रह गया है, जिसकी प्रशंसा कम हो रही है और उसे लेकर नाक-भौं ज्यादा सिकोड़ी जा रही है।



सत्रह अक्टूबर को गाजा के अल अहली अरब अस्पताल में हुआ विस्फोट खौफनाक तो था, परंतु आश्चर्यजनक नहीं। इस अस्पताल में बीमार तो थे ही उसके प्रांगण में हजारों स्वस्थ नागरिक भी इस उम्मीद में शरण लिए हुए थे कि अस्पताल पर हमला नहीं होगा। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के नृशंस आक्रमण, जिसमें करीब 14 सौ लोग मारे गए और दो सौ से अधिक बंधक बना लिए गए, के बाद से ही इजराइल गाजा पर लगातार जबरदस्त बमबारी कर रहा है। इस अभूतपूर्व हमले में अब तक तीन हजार फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं और करीब छह लाख अपने घर छोड़ कर चले गए हैं। उनमें से कुछ ने इजराइल के इस आह्वान के बाद अपने घर-बार छोड़े हैं कि फिलस्तीनी गाजा के उत्तरी इलाके, जिसमें वहां का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी भी है, को छोड़ दें। इजराइल ने गाजा पट्टी में भोजन सामग्री, पानी, बिजली और ईंधन की सप्लाई रोक दी है।

इजराइल के सुरक्षा बलों ने अस्पताल पर हुए हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया है। उनका कहना है कि फिलस्तीनी इस्लामिक जिहाद नामक एक कट्टरपंथी गुट द्वारा छोड़ा गया रॉकेट किसी खराबी के चलते अस्पताल में गिर गया। परंतु अधिकांश अरब देशों और दुनिया भर के मुसलमानों का मानना है कि यह हमला इजराइल ने ही किया है। ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बिना किसी लागलपेट के कहा कि 'हालिया अपराधों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है'। लेबनान स्थित अमेरिकी दूतावास के सामने जबरदस्त प्रदर्शन हुए और मिस्र और जॉर्डन, जिन्होंने कई दशक पहले इजराइल से संबंध स्थापित कर लिए थे, ने भी इस हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। सऊदी अरब जैसे देश, जिनके साथ इजराइल के संबंध सुधरने शुरू ही हुए थे, भी इस घटना से बहुत नाराज हैं। वेस्ट बैंक के शहरों में अफरा-तफरी और अव्यवस्था का माहौल है क्योंकि बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं। इससे जो हमास के राष्ट्रवादी संस्करण फिलस्तीनी ऑथोरिटी और उसके नेता महमूद अब्बास की वेस्ट बैंक में पहले से ही कमजोर सरकार की स्थिरता खतरे में पड़ गई है। महमूद अब्बास ने अम्मान में बाइडेन के साथ अपनी प्रस्तावित मुलाकात रद्द कर दी है। वे रमल्ला लौट गएए हैं और उन्होंने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है।

अमेरिका भले ही मध्य-पूर्व को बहुत महत्व दे रहा हो परंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि इस इलाके में बाइडेन और अमेरिका दोनो की छवि तार-तार हो चुकी है। अमेरिका अपने जंगी जहाज इजराइल की ओर रवाना कर चुका है और बाइडेन स्वयं भी इजराइल पहुंचे हैं। इन दोनों कदमों का उद्देश्य ईरान और उसके साथियों को यह संदेश देना है कि वे किसी प्रकार की सैन्य कार्यवाही करने का ख्याल छोड़ दें। इससे अरब देशों को यह संदेश जा रहा है कि अमेरिकी सरकार न केवल फिलस्तीनियों की बदहाली को नजरअंदाज कर रही है वरन् इस बदहाली की जड़- इजराइल के कब्जे- को बनाए रखने रखने में भी मददगार है। पूरे अरब प्रायद्वीप में 'डेथ टू अमेरिका' का नारा गूंज रहा है। शुक्रवार को अमेरिका के मित्र देश बहरीन में एक विरोध प्रदर्शन में भी यह नारा लगाया गया। जॉर्डन ने वार्ताएं स्थगित करते हुए कहा कि अब बातचीत का कोई अर्थ नहीं है और सबसे पहले युद्ध बंद किया जाना चाहिए।

अमेरिका की छवि को जो नुकसान पहुंचा है उसके चलते बाइडेन के लिए युद्ध रूकवाना और अमन की बहाली करवाना एक कठिन चुनौती होगी। यह इसलिए भी क्योंकि हाल के कुछ सालों में रूस और चीन कुछ अरब देशों के नजदीक आ गए हैं और वे निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ व्याप्त गुस्से का लाभ उठाना चाहेंगे। इस परिस्थिति में बाइडेन की यात्रा का कोई विशेष मतलब नहीं रह गया है। एक इंटरव्यू में बाइडेन ने इस क्षेत्र के भविष्य के बारे में अपनी सोच का तो खुलासा नहीं किया परंतु कुछ टिप्पणियां अवश्य कीं। उन्होंने कहा कि अगर लड़ाई खत्म होने के बाद भी इजराइल गाजा पर कब्जा बनाए रखता है तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि एक अलग फिलस्तीनी देश के निर्माण की राह प्रशस्त की जानी होगी भले ही वह देश अभी तुरंत अस्तित्व में न आए।

जाहिर है कि बाइडेन जोखिम भरे रास्ते पर चल रहे हैं। मुझे लगता है कि वे सफलता पाने के लिए बहुत आतुर हैं। यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में वे कुछ विशेष नहीं कर पाए। अब वे चाहते हैं कि चुनाव में उतरने से पहले कम से कम एक सफलता उनके हाथ लग जाए।

## माता काल रात्रि

तोर बदन हवय बिकट अंधियार
करिया रंग।
बिकराल रुप, बगरे चुन्दी ल देख जन
हें दंग।।
बिजुरी जइसे चमकत हे दाई, घेंच के
माला।
अंधियारी ल मेट के करथच तैंय ह
उजाला।।
तीनों लोक के समान गोल हे तीनों
आँखी ह।
साँस ले निकलत हे पिंयर धधकत
आगी ह।।
भगत ल वर अउ अभय, दू ठन हाथ
ले बाँटे।
लोहा के काँटा अउ खड़ग, दू हाथ म
बिराजे।।
मंगल फर देय के खातिर माता
शुभंकरी कहाए।
दरस देखाके सेउक मन ल पुन के
भागी बनाए।।
असुरी ताकत ह तोर नाव ल सुन के
पल्ला भागे।
मनखे के बाधा दूर होथे, भय ले
सुसिन्त्र हो जाथे।।
साधक के पाबन मन सहस्रार चकरा
म समाथे।
दाई के पूजा ले जम्मों सिद्धि के कपाट
खुलथे।।



अशोक कुमार यादव
मुंगेली, छत्तीसगढ़

## नाराजगी

जहां प्यार है वहां तकरार भी होता है
नाराजगी भी होती है उसका इज़हार भी
होता है
थोड़ी देर की नाराजगी तो बर्दाश्त हो
जाती है
ज्यादा देर हो जाये तो फिर दर्द बेशुमार
होता है
कई बार गलतफहमी में हम हो जाते हैं
नाराज़
नाजुक होते हैं रिश्ते जो हो जाते हैं
बर्बाद
यदि गलती अपनी है तो मांग लीजिये
माफी
सूखता पेड़ रिश्तों का हो जाएगा
आबाद
गलती अपनी हो या दूसरे की
सबके मन में पहुंचाती है ठेस
अपनी को तो ढकने की करते हैं
कोशिश
दूसरों की हो अगर तो करते हैं क्लेश
छोटी मोटी गलतियों को कर दीजिए
नज़रंदाज़
दूर जो चले गए हैं बुलाइये उनको देकर
आवाज
झुकने से कोई छोटा नहीं बन जाता
बचा लीजिये रिश्तों को न हो जाएं
बर्बाद



रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं
बिलासपुर

# आप पर मुकदमा हुआ तो क्या होगा?

भारतीय राजनीति का एक नया अध्याय खुलने वाला है। सीबीआई और ईडी दोनों एजेंसियों ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वो दिल्ली के शराब नीति घोटाले में आम आदमी पार्टी पर भी मुकदमा करने के बारे में विचार कर रही हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ही यह सवाल उठाया था कि जब शराब नीति में हुए कथित घोटाले से प्राप्त पैसे का इस्तेमाल पार्टी ने किसी राज्य के चुनाव में किया है तो पार्टी को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया है? उसके बाद से ही इसका इंतजार हो रहा है कि कब दोनों एजेंसियां सबसे कम समय में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी पर मुकदमा करती हैं। सवाल है कि अगर केंद्रीय एजेंसियों ने आप के खिलाफ मुकदमा किया तो क्या होगा? इस बारे में कानूनी स्थिति का एक पहलू है लेकिन उससे बड़ा पहलू राजनीतिक है। यह पंडोरा बॉक्स खुलने की तरह होगा। आज तक किसी पार्टी के खिलाफ धन शोधन के मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। अगर एक पार्टी के के खिलाफ धन शोधन का मुकदमा दर्ज होता है और कार्रवाई होती है तो देश की तमाम पार्टियों के लिए वह खतरे की घंटी होगी। यह एक शुरुआत होगी, जिसका अंत कहां होगा यह किसी को पता नहीं है। अगर केंद्रीय एजेंसी धन शोधन की जांच करेगी तो राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों के पास जो एजेंसी होगी वह विरोधी पार्टियों के खिलाफ उसका इस्तेमाल करेगी।

आम आदमी पार्टी के ऊपर धन शोधन निरोधक कानून यानी पीएमएलए के तहत मुकदमा हुआ तो क्या क्या संभावना है उस पर विचार करने से पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि इससे कब ऐसी स्थिति आई थी और कैसे उसे टाला गया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने 2014 में एक फैसला दिया था, जिसमें उसने भाजपा और कांग्रेस दोनों को विदेशी चंदा नियमन कानून यानी एफसीआरए के उल्लंघन का दोषी पाया था। 1976 में बने एफसीआरए कानून के उल्लंघन का दोषी पाए जाने का मतलब हुआ कि इन दोनों पार्टियों ने 1976 से जो विदेशी चंदा लिया था, उसकी जांच होती और इन दोनों के खिलाफ कार्रवाई होती। लेकिन 2018 में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने कानून में संशोधन कर दिया, जिससे राजनीतिक दलों को मिलने वाला विदेशी चंदा जांच के दायरे से बाहर हो गया। इस तरह भाजपा और कांग्रेस के साथ साथ बाकी सभी पार्टियों की मुश्किल या संभावित मुश्किल समाप्त हो गई। लेकिन उस तरह का कोई काम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को बचाने के लिए नहीं होगा।

तभी सवाल है कि मुकदमा हुआ तो आम आदमी पार्टी का क्या होगा और क्या मुकदमे का असर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर भी होगा? इन दोनों सवालों के जवाब बहुत महत्व के हैं। वैसे तो किसी भी पार्टी के खिलाफ इस तरह के आपराधिक मुकदमे की मिसाल नहीं है। इसलिए जो भी होगा वह मिसाल बनाने वाला होगा। इससे या तो पार्टियों के खिलाफ मुकदमा चलाने का रास्ता हमेशा के लिए बंद हो जाएगा या सबके लिए खुल जाएगा। इसमें धन शोधन कानून की धारा 70 की व्याख्या सबसे अहम होगी। पीएमएलए कानून की धारा 70 में कंपनियों की गड़बड़ी की जांच का प्रावधान है। लेकिन राजनीतिक दल और कंपनी दोनों अलग अलग चीजें हैं। जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के मुताबिक एक संगठन या भारत के कुछ नागरिकों के समूह को चुनाव आयोग राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता दे सकता है। सो, राजनीतिक दल कंपनी की परिभाषा में फिट नहीं होते हैं। कंपनी एक्ट 2013 के मुताबिक जिस आधार पर कंपनियों का गठन होता है वह राजनीतिक दल से अलग है। तभी जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए की व्याख्या सबसे अहम है। कई कानूनी जानकार मान रहे हैं कि 'एसोसिएशन ऑफ इंडीविजुअल्स' यानी व्यक्तियों के समूह को राजनीतिक दल की मान्यता दी जाती है और कंपनी एक्ट में भी 'फर्म या अदर एसोसिएशन ऑफ इंडीविजुअल्स' का जिक्र है। इस आधार पर ईडी राजनीतिक दल को भी जांच के दायरे में ला सकती है।

एजेंसियों के अलावा एक अहम भूमिका चुनाव आयोग की होगी। चुनाव आयोग के लिए भी यह बिल्कुल नया मामला है। चुनाव आयोग को पार्टियों की मान्यता रद्द करने और नाम, चुनाव चिन्ह आदि सीज करने का अधिकार है। अगर पार्टियों की मान्यता की बात करें तो जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत चुनाव आयोग को पार्टियों के पंजीकरण का अधिकार है। लेकिन पंजीकरण रद्द करने का अधिकार सिर्फ तीन ही स्थितियों में है। पहली स्थिति तो यह है कि पार्टी ने अपना पंजीकरण फर्जी दस्तावेजों या दूसरे गलत साधनों का इस्तेमाल करके हासिल किया हो। दूसरी स्थिति यह है कि पार्टी संविधान में विश्वास न करे और उसमें वर्णित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांत को न माने या भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता में विश्वास न करे। तीसरी स्थिति है कि भारत सरकार गैरकानून गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए या इस तरह के किसी दूसरे कानून के तहत किसी पार्टी को गैरकानूनी ठहरा दे तो चुनाव आयोग उसकी मान्यता रद्द कर देगा। लेकिन इस मामले में यह तीनों स्थितियां नहीं दिख रही हैं।

जहां तक चुनाव चिन्ह और पार्टी का नाम सीज करने का मामला है तो इलेक्शन सिम्बल्स (रिजर्वेशन एंड अलॉटमेंट) ऑर्डर की धारा 16ए के तहत कुछ नियम तय किए गए हैं और उन्हीं स्थितियों में चुनाव आयोग किसी पार्टी का नाम या चुनाव चिन्ह सीज कर सकता है। इसके मुताबिक अगर कोई पार्टी चुनाव आचार संहिता का पालन नहीं करती है या चुनाव आयोग की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करती है तो उसका नाम और चुनाव चिन्ह सीज किया जा सकता है। इस कानून में किसी पार्टी के किसी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल होने पर कार्रवाई का कोई जिक्र नहीं है। सो, अगर आम आदमी पार्टी के ऊपर पीएमएलए के तहत मुकदमा होता है और यहां तक की सजा भी हो जाती है तब भी चुनाव आयोग के लिए कार्रवाई मुश्किल होगी। हां, यह हो सकता है कि यह नया मामला सामने आने के बाद केंद्र सरकार जन प्रतिनिधित्व कानून और चुनाव चिन्ह वगैरह से जुड़े कानून में कुछ बदलाव करे। अगर कानून बदल कर आम आदमी पार्टी पर कार्रवाई होती है तो वह भी एक नजीर बनेगी।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू,पहले दिन 11 प्रत्याशियों ने खरीदे फार्म

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन शनिवार को 11 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदा है। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र से 5 एवं लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र से 4 व सीतापुर विधानसभा सभा क्षेत्र से 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा है। पहले दिन तीनों विधानसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा से डॉ. प्रीतम राम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, एलेक्जेंडर केरकेट्टा आम आदमी पार्टी, अनुक प्रताप सिंह टेकाम हमर राज पार्टी एवं उर्मिला सिंह ने निर्दलीय से नामांकन पत्र की खरीदी की है। इसी प्रकार अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए संतोष कुमार विश्वकर्मा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रामनंदन पैंकरा हमर राज पार्टी एवं कृष्ण नंदन सिंह, मीरा रवि, अनिल श्रीवास्तव ने निर्दलीय से नामांकन पत्र की





खरीदी की है। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए राम कुमार टोप्पो, भारतीय जनता पार्टी एवं राम कुमार राम निर्दलीय से नामांकन पत्र की खरीदी की है। वहीं नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन तीनों विधानसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई है। 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। 31 अक्टूबर को नामांकन फार्म की जांच होगी एवं 2 नवंबर को अभ्यर्थी नाम वापस ले पाएंगे। नामांकन के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रामंक 9 लुण्ड्रा के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय के जन सूचना अधिकारी कक्ष, विधानसभा क्षेत्र क्रामांक 10 अंबिकापुर के लिए न्यायालय नजूल अधिकारी कक्ष व विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के लिए न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष निर्धारित किया गया है। नामांकन प्रक्रिया 21 अक्टूबर से शुरू हो गई है। जो 30 अक्टूबर तक चलेगा। इस बीच 4 दिनों तक शासकीय अवकाश घोषित किए गए हैं। 22, 24, 28 और 29 अक्टूबर को अवकाश के चलते नामांकन दाखिल नहीं होंगे। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। नामांकन स्थल के चारों तरफ सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए गए हैं। कलेक्टोरेट के गेट नंबर 1 से केवल अधिकारी व कर्मचारी प्रवेश करेंगे। वहीं गेट नंबर 2 केवल प्रत्याशियों व उनके साथ जाने वाले प्रस्तावक के लिए आरक्षित किया गया है। वहीं सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए पास की सहायता से प्रवेश कर सकेंगे।




## भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया आचार संहिता में दस-दस हजार रुपए का चेक बांटने का आरोप

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।




भाजपा सरगुजा ने कांग्रेस पर 10-10 हजार रुपए का चेक बांटने का आरोप लगाया है। भाजपा जिला प्रतिनिधि निर्वाचन अभिषेक शर्मा ने इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आचार संहिता लगने के बाद से कांग्रेस द्वारा जनसम्पर्क मद का दुरूपयोग कर दस-दस हजार रुपए के चेक मुख्य कार्यपालन अधिकारी के हस्ताक्षर के साथ बांटा जा रहा है। जनपद सीओ लुण्ड्रा के हस्ताक्षर से सरपंच, सचिव के नाम जारी जनसंपर्क मद के चेक पर पहले से 5 अक्टूबर की तारीख करवा ली गई है ताकि आचार संहिता के बाद भी इसे बांटा जा सके। दो-तीन दिनों के अंदर चेक बांटकर खातों में आहरण करवाया जा रहा है। ताकि चुनाव में कांग्रेस को फायदा पंहुचाया जा सके। भाजपा ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मामले की जांच कर आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए दोषियों पर सरकारी मद के दुरूपयोग पर कठोर कार्रवाई के साथ संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी के खाते को सील करने की मांग की है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई

### पीजी कॉलेज परिवार ने किया शहीदों की शहादत को स्मरण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस स्मृति दिवस पर शनिवार को राजीव गांधी शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में पुलिस के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के प्रति इनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने इन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद सेनानी महाविद्यालय के छात्र रहे हैं, जिसका हमें गर्व है। भारत माता की रक्षा व अपने कर्तव्यपरायणता के चरम पर जाकर इन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इन सभी



की शहादत हमें प्रेरित करती है कि हम सभी समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। श्रद्धांजलि सभा को एनसीसी प्रभारी पंकज अहिरवार व अन्य प्राध्यापकों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कार्यालयीन कर्मचारी, महा विद्यालय के एनसीसी अधिकारी, कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुती देने वाले देश के अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

10 वीं वाहनी छसबल सिलफिली मुख्यालय में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आईजी अंकित गर्ग ने कर्तब्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।पूरे भारत में 1 सितंबर 2022 से 31 अक्टूबर 2023 तक कर्तब्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के नाम का स्मरण कर कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं शहिद परिवार जनों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। गौरतलब है कि वर्ष 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर



कर दिये थे तभी से प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को देश के कोने-कोने में दिवंगत शूरवीरों की स्मृति में पुलिस शहीद दिवस पर परेड़ का आयोजन किया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में आए शहिद परिवार जनों से आईजी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परिजनों से मिलकर उनका हाल जाना, शहीद के परिजनों से वार्तालाप करते हुए बोले कि हम सब एक परिवार के समान हैं, अपने आपको कभी अकेला न समझें, किसी भी तरह की पारिवारिक, व्यक्तिगत अथवा आर्थिक समस्या हो तो अवगत करायें। समस्या के समाधान का सकारात्मक प्रयास निश्चित् रूप से किया जावेगा।

इस अवसर पर कलेक्टर सरगुजा कुन्दन कुमार, कलेक्टर सूरजपुर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आईके ऐलिसेला, संभागीय सेनानी नगर सेना राजेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक पीटीएस मैनपाट राजकुमार मिंज, सेनानी 10वी वाहिनी छसबल सिलफिली सुजीत कुमार एवं सरगुजा, सूरजपुर के राजपत्रित अधिकारी सहित शहिद के परिजन व आमजनता उपस्थित रहे।

## सब जूनियर शतरंज प्रतियोगिता 26 अक्टूबर को

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

शतरंज संघ सरगुजा के द्वारा 26 अक्टूबर को सब जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन गांधी स्टेडियम अंबिकापुर स्थित शतरंज भवन में प्रातः 9 बजे से किया गया है। इस प्रतियोगिता में केवल 15 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाएं ही भाग ले सकते हैं। यहां से जीतने वाले खिलाड़ी एक नवंबर से रायपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इच्छुक खिलाड़ी सायं पांच बजे शतरंज भवन में आकर अपना प्रवेश शुल्क बी. मनियन मो.नं. 8319796028 या एसएम कुरैशी मो.नं. 7415457831 के पास जमा करके प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रवेश शुल्क 50 रुपये रखा गया है। शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने बताया शतरंज भवन में प्रतिदिन सायं पांच बजे से बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों से इसका लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## कीटनाशक सेवन कर युवक ने दी जान

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पोड़ी निवासी एक व्यक्ति ने अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर लिया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विनोद कमार पिता घुरन राम उम्र 28 वर्ष प्रतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी का रहने वाला था। वह अज्ञात कारण से शुक्रवार को कीटनाशक सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल स्कूटी सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र के सांड़बार बैरियर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया था। रायपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अनुकुल खलखो पिता सोनू खलखो मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोधिमा का रहने वाला था। वह 20 अक्टूबर की शाम को स्कूटी से अपने मामा के घर भातुपारा जा रहा था। रास्ते में मणिपुर थाना के समीप सांड़बार बैरियर के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया था। रायपुर ले जाने के दौरान रास्ते में कटघोरा के पास उसकी मौत हो गई।

## करोड़ों का घोटाला,फर्जी दस्तावेज से किया गया था भुगतान

- » डी एस भगत तत्कालीन चीफ इंजीनियर और राजेश लकड़ा सुप्रीटेंटेड इंजीनियर छ ग स्टेट पा डी कंपनी अंबिकापुर और ठेकेदार
- » मैसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, मेट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप के विरुद्ध धारा 156/3 के तहत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबिकापुर के न्यायालय में परिवाद पेश
- » कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग अंबिकापुर एवं कार्यपालक अभियंता, कार्यालय कार्यपालन अभियंता (शहर) संभाग अंबिकापुर से मिलीभगत कर करोड़ों रुपए की राशि गबन करने एवं फर्जी बिल लगा कर करोड़ों रुपए की राशि की हेराफेरी करने के संबध में एफआईआर दर्ज कराने हेतु परिवाद पेश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

डी0के0 सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट के द्वारा एक धारा 156/3दंड प्रक्रिया संहिता के तहत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबिकापुर के न्यायालय में परिवाद पेश किया है जिसमे मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप के द्वारा वेतन से ई0पी0एफ0 बोनस एवं ई0एस0आई0सी0 की राशि में गोलमाल करने तथा फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए की राशि निकालने के संबंध में कार्यपालन निदेशक(अ.क्षे.) अंबिकापुर के जांच रिपोर्ट दिनांक 24/2/2023 के साथ 3000पेज के दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया गया एवं संबंधित अधिकारियों तथा मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं ग्रुपकृपा के डायरेक्टर/प्रोप्राइटर के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने का निवेदन किया गया उक्त मामले का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, मैट्रिक्स सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप के द्वारा वेतन से ई0पी0एफ0 बोनस एवं ई0एस 0आई0सी0 की कटौती प्रति माह की जाती है लेकिन उक्त कटौती का लाभ बाह्य स्त्रोत से कार्यरत कर्मचारियों को प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु लिखा गया था उक्त शिकायत के संबंध में कार्यपालन निदेशक (अ.क्षे.) छ.स्टे. पा.डि.कं.लि. अंबिकापुर में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स अंबिकापुर को चार कार्यादेश जारी किए गए।

प्रथम दोनों एवं चतुर्थ आवेदन आदेशों में प्रभारी अधिकारी (ओआईसी)कार्यपालन निदेशक के कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन यंत्री एवं अन्य अधिकारी को नियुक्त किया गया था जिसके द्वारा ही आदेश की शर्तों का पालन करवाने एवं देयक पारित करने संबंधित संपूर्ण कार्यवाही किया जाना था जबकि तृतीय आदेश क्रमांक CE/AR/PUR/ORD/1138 दिनांक 16/1/2021 प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) संबंधित कार्यपालन यंत्री अथवा उसके कार्यालय में पदस्थ अन्य अधिकारी को नियुक्त किया गया था।

इसी क्रम मेसर्स मेट्रिक सर्विस अंबिकापुर को कार्यपालन निदेशक के कार्यालय के आदेश क्रमांक CE/AR/PUR/ORD/1192 दिनांक 11/8/2020 द्वारा 150 नग बाह्य स्त्रोत कंप्यूटर ऑपरेटर नियोजित करने हेतु आदेशित किया गया था इसके साथ ही मेसर्स गुरुकृपा अंबिकापुर को कोई भी कार्यादेश जारी नहीं किया गया था।

माह अगस्त 2020 से माह फरवरी 2022 तक के 14 भृत्यो के देयक एवं भृत्यो की उपस्थिति पंजी की तुलनात्मक आकलन करने पर पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स आरके एसोसिएट्स अंबिकापुर को 4,81,163/- का अधिक भुगतान किया गया है भुगतान से संबंधित नियमावली जारी की गई है जिसके आधार पर ठेकेदार आर.ए. बिल पारित करने से पहले जांच किया जाना अनिवार्य था लेकिन ठेकेदार द्वारा ईपीएफ, ई एस आई सी का भुगतान किया है कि नहीं भुगतान के चालान की प्रति भी संलग्न किया जाना है साथ ही कर्मचारियों को पे-रोल की प्रति जो कि कार्यालय प्रभारी द्वारा सत्यापित हो, सलंग्न किया जाना है तत्पश्चात ही ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत आर. ए. बिल को सत्यापन एवं परितीकरण की अग्रिम कार्यवाही किया जाना है एवं प्रत्येक कर्मचारी को निर्धारित बेसिक वेतन का 13.15% ईपीएफ एवं 3.5% ईएसआई कर्मचारी भाग एवं नियोक्ता भाग दोनों का कुल राशि को संकलित कर ठेकेदार को कर्मचारी इपीएफ एवं ईएसआईसी खाते में जमा करना अनिवार्य है उक्त भुगतान संबंधी पूर्ण दस्तावेजों में प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण तत्पश्चात ही ठेकेदार की देयक पारित किया है।



इसके विपरीत देयको के साथ संलग्न ईपीएफ एवं ईएसआईसी चालान को बिना सत्यापित किये अर्थात ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों के खाते में ईपीएफ एवं ई एस आई की राशि जमा की जा रही है अथवा नहीं यह सुनिश्चित किए बगैर ही ठेकेदार का देयक सत्यापित एवं पारित कर दिया गया है?। पारित देयको के अवलोकन करने पर उक्त नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 14 नग भृत्य हेतु प्रस्तुत देयक माह जुलाई 2020, से फरवरी 2021के देयक में ईपीएफ का चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित किया गया है, उक्त अवधि के देयक के साथ ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया है। फलस्वरूप ठेकेदार मेसर्स आरके एसोसिएट अंबिकापुर को 1,54,452/- का अधिक भुगतान किया गया इस प्रकरण में ठेकेदार को लगभग 6,35,615/- का अधिक भुगतान किया जाना पाया गया।

माह अगस्त 2020 से फरवरी 2022 तक के अवलोकन करने पर पाया गया कि संबंधित फर्म द्वारा देयक के साथ प्रस्तुत 10 नंबर भृत्यो की उपस्थिति पंजी के आधार पर देयक पारित किए गए हैं। संबंधित संभागों से (जहां उपरोक्त आदेश के अंतर्गत भृत्यो की पदस्थापना की गई थी) मासिक उपस्थिति पंजी प्राप्त कर मिलान करने पर पाया गया कि पारित किए गए देयको एवं संभागों से प्राप्त उपस्थिति पंजी में अंतर है।

इस प्रकार महा अगस्त 2020 से माह फरवरी 2022 तक के 10 भृत्यो के देयक एवं भृत्यो की उपस्थिति पंजी के तुलनात्मक आंकलन करने पर पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स आर0के0 एसोसिएट अंबिकापुर को 13,07,875/- का अधिक भुगतान किया गया है।

देयको के साथ संलग्न ईपीएफ एवं ईएसआईसी के चालान को बिना सत्यापित किये अर्थात ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों के खाते में ईपीएफ एवं ई एसआई की राशि जमा की जा रही है अथवा नहीं यह सुनिश्चित किए बगैर ही ठेकेदार का देयक सत्यापित एवं पारित कर दिया गया है। पारित देयको के अवलोकन करने पर उक्त नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 10 नग भृत्य हेतु प्रस्तुत देयक माह दिसंबर 2020, से नवंबर 2021 के देयक में ईपीएफ का चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है। उक्त अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर स्थापित किए देयको को पारित किया गया है। फल स्वरूप ठेकेदार मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स अंबिकापुर को 1,42,598/- का अधिक भुगतान किया गया। इस प्रकार उक्त प्रकरण में ठेकेदार को लगभग 14,50,473/-का अधिक भुगतान किया जाना पाया गया।

माह अगस्त 2020 से माह जुलाई 2022 तक के 150 कंप्यूटर ऑपरेटर के देयर एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की उपस्थिति पंजी के अनुसार तुलनात्मक आंकलन करने पर पाया गया कि ठेकेदार मैट्रिक्स सर्विसेज अंबिकापुर को 1,32,52,783/- एक करोड़ बत्तीस लाख बावन हजार सात सौ तिरासी रुपए का अधिक भुगतान किया गया है।

पारित देयको के अवलोकन करने पर उक्त नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 150 नग कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु प्रस्तुत देयक माह अगस्त 2020, से फरवरी 2021 के देयक में ईपीएफ चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया। फलस्वरूप ठेकेदार मैसर्स मैट्रिक्स सर्विसेज अंबिकापुर को 29,48,036/- का अधिक भुगतान किया गया। इस प्रकार उक्त प्रकरण में शासन के विद्युत कंपनी को लगभग 1,62,00,819/- एक करोड़ बासठ लाख आठ सौ उन्नीस की क्षति हुई।

तीनों प्रकरणों में वास्तविक उपस्थिति पत्रक एवं ई पी एफ, ई एस आई सी के दस्तावेजों के बगैर सत्यापन के देयक पारित करने से फर्म को लगभग 1,82,86,907/- एक करोड़ बयासी लाख छीयासी हजार नौ सौ सात रुपए का अधिक भुगतान होना दृष्टिगत होता है उपरोक्त फर्जी भुगतान करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत साजिश है तथा कूटरचित दस्तावेजों को प्रस्तुत कर शासकीय राशि का सुनियोजित तरीके से गबन किया गया है जो कि कार्यपालन निदेशक की जांच प्रतिवेदन से प्रमाणित है इस कारण भुगतान करने वाले अधिकारी डी एस भगत तत्कालीन चीफ इंजीनियर , राजेश लकड़ा तत्कालीन सुप्रीटेंडेन इंजीनियर कार्यालय कार्यपालन निर्देशक छ ग स्टे पा डी कंपनी लि अंबिकापुर एवं ठेकेदार के विरुद्ध धारा 409, 420,467,468, 120बी भा0द0वि0 के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाने हेतु धारा 156/3दंड प्रक्रिया संहिता के तहत परिवाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबिकापुर के न्यायालय में 3000पेज के दस्तावेज के साथ डीके सोनी अधिवक्ता एव आर टी आई कार्यकर्ता के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमे दिनाक को सुनवाई हेतु नियत किया गया है

# हमास पर हमले के बीच बुलेटप्रूफ जैकेट की कमी

# तीन लाख रिजर्व जवानों के सामने कठिन चुनौती

**तेल अवीव,21 अक्टूबर 2023।** पश्चिमी एशिया में जारी युद्ध पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल-हमास संघर्ष निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। इस्राइली सेना जल्द ही गाजा पर जमीनी हमले की तैयारियों में जुटी है। इसी बीच एक रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल में बुलेटप्रूफ जैकेट और सैनिकों के लिए सुरक्षात्मक गियर की कमी की बात सामने आई है। सैनिकों को जरूरी सपोर्ट सिस्टम की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

### सैनिकों के पास पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं

बुलेटप्रूफ जैकेट बनाने वाली एक इस्राइली कंपनी के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया, बुलेटप्रूफ जैकेट बनाने वाली कंपनियां मौजूदा मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं। उत्पादन में शामिल कर्मचारी योव डोटन ने कहा, ÷फिलहाल इस्राइल पूरी तरह से युद्ध में जुटा हुआ है। पूरा देश युद्ध जीतने के प्रयासों में लगा है। पुरुषों और महिलाओं को आपात स्थिति में सेना में शामिल किया गया है, लेकिन सैनिकों के पास पर्याप्त सुरक्षा पकरण नहीं हैं।÷ डोटन ने कहा, धीरे-धीरे सैनिकों के लिए जरूरी सुरक्षा उपकरण इस्राइली सेना की सभी इकाइयों तक पहुंच रहे हैं।

### उत्पादन में कई कंपनियां शामिल, मांग बहुत अधिक

उन्होंने कहा कि रिजर्व सैनिकों को सैन्य उपकरण की जरूरत है। इसमें बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट है। शहरों की सुरक्षा करने वाले बुनियादी ढांचे की भी जरूरत है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। योव डोटन ने कहा, सुरक्षा उपकरणों की मांग बहुत अधिक है। कई कंपनियां निर्माण और उत्पादन में जुटी हैं, लेकिन मांग अभी भी बहुत ऊंचाई पर है।




### 75 साल के बाद इस्राइल के लिए सबसे अहम समय

उन्होंने कहा कि इस्राइल हमास के साथ ÷अस्तित्व के लिए युद्ध÷ कर रहा है। सेना ÷बहुत आगे की राह÷ बनाने की तैयारी कर रही है। डोटन के अनुसार, ÷फिलहाल, देश एक बहुत लंबी राह के लिए तैयारी कर रहा है...यह निश्चित रूप से अस्तित्व से जुड़ा है। लड़ाई अपनी यहूदी मातृभूमि पर अधिकार के लिए है...1948 के बाद इस्राइल के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय है।÷

### इस्राइल का समर्थन करने के लिए भारत का आभार

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल में लगभग हर नागरिक अपने साथ पूरे परिवार के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट रखता है क्योंकि यह देश अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण हमेशा अपने %दुश्मनों% से घिरा रहता है। डोटन ने यह भी कहा कि इस्राइल को विभिन्न वर्गों से मदद मिल रही है। उन्होंने इस्राइल का समर्थन करने के लिए भारत को धन्यवाद भी दिया।

### तीन लाख रिजर्व सैनिकों का इस्तेमाल क्यों?

इस्राइली सेना ने हमास से युद्ध के लिए तीन लाख रिज़र्व सैनिकों को बुलाया है। प्रत्येक को वह सभी सुरक्षा कवच प्रदान किए गए हैं जो एक सैनिक को मिलते हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता, मार्कस शेफ ने बताया कि आईडीएफ ने इस्राइली आबादी की सुरक्षा के लिए रिजर्व सैनिकों की मदद ली है। बता दें कि रिजर्व सैनिकों को हमेशा हथियारों के साथ नहीं रखा जाता है। आपातकालीन हालात में इन्हें खास ऑपरेशन के लिए बुलाया जाता है। ऐसे समय में सेना को अतिरिक्त सैनिकों की जरूरत होती है।

## गाजा पट्टी के अस्पताल ढहने के कगार पर : संयुक्त राष्ट्र

**गाजा ,21 अक्टूबर 2023।** इजरायल-हमास के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, गाजा पट्टी के अस्पताल ढहने की कगार पर हैं। मरीजों की संख्या अस्पतालों की क्षमता का 150 प्रतिशत है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है। एक रिपोर्ट में, संयुक्त राष्ट्र निकाय ने कहा कि हमास-नियंत्रित क्षेत्र में 60 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं बंद हो गई हैं, जबकि अस्पताल बिजली, दवा, उपकरण और विशेष कर्मियों की कमी के बीच संचालन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है, मध्य, खान यूनिस और राफा गवर्नरेट में यूएनआरडब्ल्यूए स्वास्थ्य केंद्रों में से केवल आठ (22 में से) गंभीर बाह्य रोगियों और गैर-संचारी रोगों के इलाज की आवश्यकता वाले मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि गाजा में पानी की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है, अंतिम कार्यशील अलवणीकरण संयंत्र ईंधन की कमी के कारण 15 अक्टूबर को बंद हो गया, साथ ही अंतिम कार्यशील अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र भी बंद हो गया। नगर निगम के भूजल स्रोतों से जल उत्पादन शत्रुता-पूर्व स्तर के 5 प्रतिशत से भी कम है। तीन समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र, जो शत्रुता से पहले गाजा की सात प्रतिशत जल आपूर्ति का उत्पादन करते थे, वर्तमान में चालू नहीं हैं।

ईंधन की कमी, असुरक्षा और मलबे से अवरुद्ध सड़कों के कारण अधिकांश क्षेत्रों में जल ट्रकिंग संचालन रुक गया है। बोतलबंद पानी काफी हद तक अनुपलब्ध है, और इसकी कीमत ने इसे अधिकांश परिवारों के लिए अप्राप्य बना दिया है। इसमें कहा गया है, निजी विक्रेता, जो छोटे जल अलवणीकरण और शुद्धिकरण संयंत्र संचालित करते हैं, जो ज्यादातर सौर ऊर्जा से चलते हैं।

# मतदाता जागरूक करने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मतदाता जागरूकता रैली निकली








**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

### नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अम्बिकापुर के पुष्पेंद्र नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सभी आने-जाने वाले सहित वार्ड वासियों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। वहीं शासकीय गर्ल्स स्कूल अंबिकापुर की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए महामाया मंदिर चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के स्काउट गाइड के वॉलिंटियर्स द्वारा अंबिकापुर शहर के 70 प्रतिशत से कम मतदान वाले क्षेत्र में मतदाताओं को शत- प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वहीं विकासखण्ड सीतापुर के ग्राम केरजु के सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय, चाइल्ड एजुकेशन सेंटर हाईस्कूल एवं शासकीय हाई स्कूल सेजेस के समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राओं द्वारा हाथों में मतदाता जागरूकता से सम्बंधित स्लोगन लिखी हुई तख्तियों के साथ रैली का आयोजन कर ग्राम भ्रमण किया गया और शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। इसी प्रकार लखनपुर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा भी मतदाता जागरूकता रैली निकली गई।

## पहले दिन 17 नामांकन फार्म अभ्यर्थियों ने लिये, प्रेम नगर से कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया





**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 21 अक्टूबर 2023।**

विधानसभा आम निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन पत्र फार्म लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।पहले दिन से ही कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन फॉर्म लेने के लिए भारी गहमा गहमी देखी गई।17 नामांकन फॉर्म अभ्यार्थियों द्वारा लिया गया हैं।

जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (04) - प्रेमनगर के लिए 08, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (05)-भटगांव के लिए 07 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (06)-प्रतापपुर के लिए 02 व्यक्तियों ने फार्म लिया। इसके साथ ही प्रेमनगर विधानसभा से 01 फॉर्म जमा भी किया गया।प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी व कांग्रेस प्रत्याशी खेलसाय सिंह ने नामांकन लिया हैं।दोनों प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। पहले दिन नामांकन फॉर्म लेने वाले अन्य अभ्यर्थियों में प्रेमनगर विधानसभा से रमेश कुमार साह, श्रीमती तिलेश्वरी,संतोष कुमार रवि,अंगद श्रीवास, गणेश सिंह,संतोष विश्वकर्मा भटगांव से शिव कुमार साहू, कपील देव पैकरा,रामबाई देवागंन, अरविन्द शरण सिंह,कलावती सारथी,सुरेन्द्र गुप्ता,ऊषा गुप्ता प्रतापपुर से राजाराम श्याम,मंजीत सिंह शामिल है।प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी खेलसाय सिंह ने अपना नामांकन भी आज पहले दिन ही जमा कर दिया है।नामांकन प्रक्रिया के साथ ही क्षेत्र में भी अब चुनावी गहमा गहमी भी तेज हो गई है।

## लखनपुर साक्षरता मिनी स्टेडियम में 25 अक्टूबर को होगा रावण दहन

**- संवाददाता -**
**लखनपुर , 21 अक्टूबर 2023 ।**

स्टेट जमाने से चली आ रही परंपरा अनुसार अंबिकापुर के एक दिन बाद लखनपुर मे दशहरा का पर्व मनाने का रिवाज है। इसी परंपरा को कायम रखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लखनपुर में दशहरा का पर्व को लेकर तैयारिया जोरो पर है। प्रतिदिन दुर्गा पंडालों में भजन कीर्तन के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। लखनपुर साक्षरता मिनी स्टेडियम में 25 अक्टूबर की शाम 7 बजे रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्थानीय कलाकारों द्वारा लगभग 60 फीट ऊंचा रावण का निर्माण किया जा रहा।आयोजन समिति में कृपा शंकर गुप्ता ,नरेंद्र पांडे, राजेश अग्रवाल, सुरेश साहू, नव चेतन दुर्गा पूजा समिति एवं बाज़ार पारा दुर्गा पूजा समिति के सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियो में जुटे हुए हैं। आतिशबाजी का व्यवस्था राहुल अग्रवाल के द्वारा संचालित किया जाएगा।



## फ्लाइंग स्क्वायड दल को मिली सफलता

### अवैध परिवहन की जा रही धनराशि की गई जप्त



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान अवैध धन राशि, सामग्री और कीमती वस्तुएं के परिवहन और वितरण पर नजर बनाए हुए फ्लाइंग स्क्वॉड दल को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को मेन रोड बिलासपुर चौक चेक पोस्ट पर जांच के दौरान शाम को बिलासपुर चौक बतौली में संदिग्ध पिकअप में 1 लाख 82 हजार 400 रुपये की नगद धनराशि परिवहन करते पाए जाने पर स्क्वॉड दल द्वारा कार्यवाही करते हुए राशि को जब्त कर जब्तीनामा बनाया गया। फ्लाइंग स्क्वॉड दल द्वारा सघन निरीक्षण के दौरान एक पिकअप में संदिग्ध व्यक्ति ने ड्राइवर के साथ अंबिकापुर जाने की बात कही। जांच के दौरान उक्त व्यक्तियों सहित पिकअप में बिना किसी वैधानिक दस्तावेज के डेढ़ लाख से ज्यादा की राशि बरामद की गई। फ्लाइंग स्क्वॉड स्क्वॉड दल जब्त किए गए नोट को सील बंद लिफाफा में रखा गया और पंचनामा तैयार किया गया।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के लिये न्यायालय नजूल अधिकारी कक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के लिये न्यायालय अपर कलेक्टर अम्बिकापुर कक्ष निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकते हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना आज जारी कर दी गई तथा अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे तथा 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी, वहीं 02 नवंबर को अभ्यर्थी नाम वापस ले पाएंगे।



## वाहन ने 7 वर्षीय बच्ची को मारी ठोकर सर में आया गंभीर चोट जिला अस्पताल रेफर

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,21 अक्टूबर 2023 ।**

लखनपुर नेशनल हाईवे 130 नवापारा चौक के पास झारखंड से उदयपुर दशगात्र कार्यक्रम में जाते हुए वाहन अर्टिगा वाहन क्रमांक J H 01 DJ 8595 नावापारा चौक पहुंची जहां पर सड़क पार करते हुए 7 वर्षीय बच्ची दीपांजलि पिता धर्मशाय को चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दिया लोगों के बताए अनुसार लगभग 10 से लेकर के 15 फीट तक ऊपर उछल गई और सड़क पर जा गिरी जिससे बच्ची के सर में गंभीर चोट आई जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर निजी वाहन से ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया है जहां उपचार जारी है।





## एकल नृत्य में शास्त्रीय,भोजपुरी,कत्थक,हरियाणवी व बॉलीवुड गीतों पर प्रतिभागियों ने मचाया धमाल

### अनोखी सोच संस्था द्वारा दुर्गा-पूजा महोत्सव दौरान किए जा रहे विविध आयोजन

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा-पूजा महोत्सव के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के तारत य में शनिवार को एकल नृत्य प्रतियोगिता हुई। इसमें छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों ने बेहतरीन एवं आकर्षक नृत्य की प्रस्तुती देकर जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतिभागियों ने शास्त्रीय, भोजपुरी, कत्थक, हरियाणवी एवं बॉलीवुड के गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल ने काफी सोच-विचार के बाद 16 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए सुनिश्चित किया। निर्णायक मंडल में संगीता त्रिपाठी, चेतना जैन, चैती अग्रवाल, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, रमाकांत राय ने महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, भुनेश्वर साहू, चंद्रप्रताप सिंह, सुनील साहू, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ल, संतोष साहू, भोला रक्सेल, अजय साहू, नीलेश साहू, खुशबू केरकेट्टा, बीगन साहू, वीरेन्द्र साहू, दीपक सराठे, रूपेश बेहरा, आकाश साहू, अंकुश साहू, बाबा सिंह, चंदन चौरसिया, मोनू साहू, चुनमुन, प्रदीप साहू, मुकेश मुंडा, रंजीत गुप्ता, रूपेश साहू, गुड्डू केरकेट्टा, अनुग्रह बघेल, रवि गुप्ता, अनिरुद्ध सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मनेंद्रगढ़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से टिकट के दावेदार इंजिनियर विनय उपाध्याय ने जताया समर्थकों का आभार

## टिकट नहीं मिलने के बाद भी दिया सभी को धन्यवाद

### अंतिम समय तक टिकट की दौड़ में शामिल रखने समर्थकों को कहा आभारी हूं...आपका

### कांग्रेस से तय हुए प्रत्याशी अधिवक्ता रमेश सिंह को भी टिकट मिलने पर बधाई दी...विनय उपाध्याय ने दी जीत दर्ज करने शुभकामनाएं...

### दावेदारों की दौड़ से बाहर हुए किसी दावेदार की सहृदयता,सहजता से पार्टी निर्णय को लेकर स्वीकार्यता कम ही देखने को मिलती है

### विनय उपाध्याय ने पेश की ऐसी मिशाल...राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दी एक नई सीख

-रवि सिंह-
एमसीबी/ चिरमिरी,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

राजनीति के अक्सर देखा गया है की अपनी महत्वाकांक्षा सबसे ऊपर रखते हैं राजनीति से जुड़े अधिकांश लोग वहीं पार्टी के हित अहित से भी ऐसे लोग ज्यादा मतलब नहीं रखते और उनका अंतिम उद्देश्य उनका निज स्वार्थ होता है जिससे अधिकांश बार पार्टी को नुकसान भी होता है। ऐसा कम देखने को मिलता है की कोई पार्टी से जुड़ा नेता पार्टी हित को सर्वोपरि मानकर चलता हो वहीं वह पार्टी के हर निर्णय पर अपनी सहज सहमति देता हो यह खासकर उस मामले में देखा जाता है जब कोई किसी पार्टी से जुड़ा नेता कार्यकर्ता किसी चुनाव में पार्टी से किसी चुनाव के लिए टिकट का दावेदार हो। पार्टी से टिकट की चाह रखने वाले नेताओं को अक्सर देखा गया है की वह पार्टी से खुद के लिए ही अंतिम समय तक किसी चुनाव में टिकट के दावेदार बने रहते हैं और टिकट उन्हे मिल गया तो सब कुछ वह ठीक मानते हैं लेकिन यदि उनका नंबर कटा वह पार्टी से या तो खुलेआम बगावत कर जाते हैं या फिर वह भीतरघात करते हैं जिसका पार्टी को ही नुकसान झेलना पड़ता है। कम ही लोग देखे जाते हैं




जो किसी चुनाव में यदि खुद को दावेदार मानते हैं और अंतिम समय तक प्रयास करते हैं वहीं यदि उन्हे पार्टी अवसर नहीं देती वह इसे सहज स्वीकार करते हैं और पार्टी से जिसे मौका मिला होता है उसे वह किसी भी तरह विजय दिलाने में जुट जाते हैं।

किसी दल से खुद के लिए किसी चुनाव में उम्मीदवारी मांगने वाले अकेले नहीं होते उनके समर्थक भी होते हैं जो उनके लिए पार्टी में एक संदेश देने का प्रयास करते हैं की उनके पीछे उनका समर्थन है और यदि मौका मिला तो वह जी जान लगा देंगे और जीत सुनिश्चित कर देंगे ऐसे कार्यकर्ताओं समर्थकों को भी अधिकांश बार यह देखा गया है की ऐसे लोग तब भूल जाते हैं जब उनकी दावेदारी उम्मीदवारी में नहीं बदल पाती और वह खुद को अलग करते हैं लेकिन उन समर्थकों को लेकर कोई निर्णय नहीं लेते उन्हे कोई संदेश धन्यवाद नहीं देते जिनकी वजह से उनकी दावेदारी उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल हुई होती है और वह कहीं न कहीं पार्टी के ही ऐसे उम्मीदवार के निशाने पर आ जाते हैं जिसे पार्टी मौका दे देती है उन्होंने जिसका समर्थन किया है उसको छोड़कर,ऐसे में ऐसे समर्थक कहीं के नहीं रह जाते उन्हें पार्टी का वह उम्मीदवार भी हाशिए पर रखता है जिसे पार्टी मौका देती है। जबकि होना यह चाहिए की किसी दल से जुड़े और उस दल से यदि किसी चुनाव में उम्मीदवारी की तलाश है और वह असफल रहती है तो खुद कोई निर्णय अकेले लेने की बजाए उन समर्थकों की राय जरूर ऐसे नेता को लेनी चाहिए जिन समर्थकों के दम पर वह उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल हुआ है, वहीं दावेदारी असफल रहती है तो समर्थकों को धन्यवाद देकर आभार प्रकट कर उन्हे अपने निर्णय के लिए स्वतंत्र कर देना चाहिए, वहीं भरसक प्रयास करना चाहिए की दावेदारी जिसकी पार्टी ने उम्मीदवारी में बदली है उसके साथ मिलकर पार्टी हित मे काम किया जाए वहीं समर्थकों से भी ऐसा ही आहवान किया जाए जो स्वस्थ राजनीति कही जा सकती है। वैसे ऐसा होता कम ही है ऐसा देखने सुनने में भी कम ही आता है फिर भी एक हालिया उदाहरण समाने आया है जिसने स्वस्थ राजनीति का पाठ लोगों के सामने रखा है।

### उदाहरण समाने आया है जिसने स्वस्थ राजनीति का पाठ लोगों के सामने रखा है

यह उदाहरण मनेंद्रगढ़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से विधानसभा चुनाव 2023 में अपनी दावेदारी कर रहे कांग्रेस नेता इंजिनियर विनय उपाध्याय ने पेश किया है जिन्होंने अपनी दावेदारी समाप्त किए जाने को लेकर पार्टी हित में फौसला लेते हुए सहृदयता पेश की है और जिस दावेदार को पार्टी ने प्रत्याशी उम्मीदवार बनाया है उन्हे उन्होंने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं जीत की वहीं उन्हे बधाई भी दी है, वह यहीं नहीं रुके उन्होंने उनके प्रति भी आभार प्रकट किया है जिन्होंने उन्हे अंतिम समय तक टिकट की दौड़ में बनाए रखा जिन्होंने उन्हे समर्थक बनकर हौसला दिया उनका साथ दिया उनका भी वह आभार प्रकट करना नहीं भूले और उन्हे यह कहकर धन्यवाद दिया की आपका आभार जो आपने मुझे अंतिम दौर तक टिकट की दौड़ में शामिल रखा। इंजिनियर विनय उपाध्याय ने ऐसा करके यह साबित कर दिया की उन्हे पार्टी का निर्णय स्वीकार है वह अपने समर्थकों को भी संदेश देकर एक तरह से स्वतंत्र निर्णय लेने स्वतंत्र कर दिए की वा पार्टी हित मे काम करें और पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें। उनके निर्णय की हर तरफ प्रशंशा हो रही है और उन्हे लोग खासकर पार्टी के लोग एक सहृदय व्यक्तित्व का धनी मान रहे हैं उन्हे साधुवाद भी दे रहे हैं।

### इंजिनियर विनय उपाध्याय अंतिम दौर तक थे मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस पार्टी से टिकट के दावेदार,टिकट न मिलने से नहीं हुए निराश,आभार सहित शुभकामनाएं उन्होंने प्रेषित की


इंजिनियर विनय उपाध्याय मनेंद्रगढ़ विधानसभा से इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी से दावेदारी कर रहे थे टिकट के लिए। उनकी दावेदारी अंतिम समय तक पार्टी में बनी रही लेकिन वह सफलता में तब्दील नहीं हो सकी।उन्होंने इसके बावजूद पार्टी हित में पार्टी का निर्णय सहजता से स्वीकार किया वहीं उन्होंने घोषित प्रत्याशी को बधाई शुभकामनाएं भी प्रेषित की,उन्होंने अपने समर्थकों को भी धन्यवाद दिया उनके प्रति आभार प्रकट किया और सोशल मिडिया पर उन्हे यह कहकर संबोधित किया की वह आभारी हैं की उन्हे अपने समर्थकों के बल पर पार्टी ने अंतिम दौर तक टिकट की दौड़ में शामिल रखा।

### राजनीति में इंजिनियर विनय उपाध्याय के द्वारा पेश किया गया यह उदाहरण कभी कभी ही देखने को सुनने को मिल पाता है

इंजिनियर विनय उपाध्याय ने राजनीति क्षेत्र के लिए राजनीति से जुड़े लोगों के लिए एक बड़ा उदाहरण छोड़ दिया है,महत्वाकांक्षा स्वयं की बड़ी नहीं पार्टी हित सर्वोपरि है कार्यकर्ता समर्थक रीढ़ हैं सम्मान के काबिल हैं यह उन्होंने साबित किया। उन्होंने अपनी दावेदारी समाप्त किए जाने के निर्णय को कोई मुद्दा नहीं बनाया बल्कि उन्होंने पार्टी के निर्णय को स्वीकार किया समर्थकों को भी संदेश दिया की पार्टी ही महत्वपूर्ण है वहीं उन्होंने समर्थकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनकी दावेदारी को पहले खुद स्वीकार किया फिर पार्टी फोरम तक उसको मजबूती से पहुंचाया।

## खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे की तर्ज पर उल-जुलूल बयान बाजी कर रहे हैं बृहस्पति सिंह,टिकट काटने पर मानसिक संतुलन बिगड़ गया हैः संजीव सिंह काजू

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



आज राजधानी रायपुर में रामानुजगंज से कांग्रेस के विधायक बृहस्पति सिंह ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बड़ा आरोप लगाते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ का एकनाथ शिंदे की राह पर चलने वाला बताया है। बृहस्पति सिंह ने विभिन्न टीवी चैनलों को दिए अपने इंटरव्यू में कहा कि चुनाव के बाद टीएस सिंहदेव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तरह 14-15 विधायकों को लेकर भाजपा से समझौता कर छत्तीसगढ़ के सीएम बनने की तैयारी में है। उन्हें ऐसी सूत्रों से जानकारी मिली है, जिसकी खबर उन्होंने आलाकमान को कर दी है।

इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जारी करते हुए युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीव सिंह काजू ने कहा है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर टिकट कटने के बाद रामानुजगंज के विधायक बृहस्पति सिंह का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है। अब बृहस्पति सिंह खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे की तर्ज पर उलजुलूल बयान बाजी कर रहे हैं। संजीव सिंह ने कहा कि इसके पहले भी बृहस्पति सिंह सरगुजा महाराज के ऊपर हमला करने का आरोप भी लगा चुके थे जो बुनियाद साबित हुआ था। अब टिकट कटने के बाद निपट में चले गए बृहस्पति सिंह सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं जिसका कोई सार ना सरोकार है। युवा कांग्रेस के महासचिव ने कहा कि टीएस सिंहदेव कितने सौम्य व विनम्र व्यवहार व्यक्तित्व के धनी है यह किसी से छुपा नहीं है। यह भी सभी को जानकारी है कि कांग्रेस में टिकट आवेदन के बाद एआईसीसी द्वारा सर्वे करने के बाद वितरित किया जाता है। संजीव सिंह ने कहा कि अब बृहस्पति सिंह को फालतू की बयानबाजी छोड़कर रामानुजगंज में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की के पक्ष में प्रचार कर कांग्रेस को विजय बना कर और छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना योगदान दें।

## बैकुण्ठपुर में कांग्रेस जहां प्रत्याशी तय करने में उलझी है तो वही विधानसभा से पहला नामांकन पत्र भाजपा प्रत्याशी भैयालाल राजवाड़े लिया

### जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर भईयालाल राजवाड़े ने लिया फॉर्म,फॉर्म लेने वाले पहले प्रत्याशी भी बने

### भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी व अन्य समर्थक रहे मौजूद, 26 अक्टूबर को दाखिल करेंगे नामांकन

### बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ने लिया पहला फॉर्म,जिलाध्यक्ष भाजपा भी साथ रहे मौजूद



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर विधानसभा से शनिवार को भाजपा प्रत्याशी ने अपने लिए फॉर्म खरीदा और वह फॉर्म खरीदकर पहले प्रत्याशी भी बन गए विधानसभा से, शनिवार को छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो जाने के बाद भईयालाल राजवाड़े जो भाजपा से प्रत्याशी हैं वह जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपने लिए फॉर्म खरीदा। भईयालाल राजवाड़े के साथ इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा भी मौजूद रहे वहीं उनके साथ उनके कुछ अन्य समर्थक भी मौजूद रहे। भईयालाल राजवाड़े ने बड़ी सादगी से जाकर फॉर्म लिया और फॉर्म लेकर वह लौट आए न उन्होंने कोई ज्यादा दिखावा किया न ही उन्होंने शक्तिप्रदर्शन किया। माना जा रहा है की नामांकन के दिन भाजपा शक्ति प्रदर्शन कर सकती है इसलिए भी फॉर्म लेने के दिन शांतिपूर्वक फॉर्म लिया गया। उनके साथ कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी, रेवा यादव रविशंकर राजवाड़े, दिनेश राजवाड़े, संदीप पटेल व अन्य लोग मौजूद रहे।

भईयालाल राजवाड़े फॉर्म लेकर पहले प्रत्याशी तो बन ही गए लेकिन वह एक मामले में और पहले हैं जो उनके प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर उन्हे प्रथम बनाती है क्योंकि उनसे पहले शायद ही किसी दल ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है खासकर सत्ता धारी दल तो अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर सका है जबकि माना जा रहा था की वह सबसे पहले अपना प्रत्याशी घोषित करेगी। भईयालाल रजवाड़े ने फॉर्म खरीदकर आज निर्वाचन कार्यालय में भी अपना पहला नाम दर्ज करा लिया है जिस तरह वह सत्ताधारी दल से पहले ही प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं।

70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी गई है- छत्तीसगढ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही आज से ही द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र की खरीदी और दाखिले किए जा सकेंगे। कोरिया जिले की बैकुंठपुर विधानसभा के लिए शनिवार को भाजपा प्रत्याशी भैयालाल राजवाड़े ने पहला नामांकन पत्र लिया। प्रदेश के पूर्व मंत्री भैया लाल राजवाड़े ने समर्थकों के साथ कलेक्टोरेट पहुंच कर नामांकन फार्म खरीदा। इस दौरान उल्लेखनीय है कि कांग्रेस बैकुंठपुर विधानसभा के आज तक अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। वहीं भाजपा सहित आम आदमी पार्टी एवं अन्य क्षेत्रीय दलों के द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है। और उनका लगातार जनसंपर्क भी जारी है। कांग्रेस द्वारा अपना प्रत्याशी घोषित नही किए जाने से कांग्रेसी खेमे में मायूसी व्याप्त है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग सहित सभी राजनैतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए आज 21 अक्टूबर से दूसरे चरण के 70 सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि, विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही आज से ही द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इस चरण में सरगुजा, रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग संभाग की कुल 70 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### नामांकन के लिए अभ्यर्थियों को 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक का समय दिया गया है

जानकारी के अनुसार, नामांकन के लिए अभ्यर्थियों को 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक का समय दिया गया है, लेकिन इस बीच सार्वजनिक छुट्टी और महीने के चौथे शनिवार की छुट्टी के कारण 4 दिन तक अभ्यर्थी नामांकन दाखिल नहीं कर पाएंगे। 22 अक्टूबर, 24 अक्टूबर, 28 अक्टूबर और 29 अक्टूबर को छुट्टी के दिनों में नाम निर्देशन की कार्रवाई नही होगी। चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए शेड्यूल के अनुसार दो नवंबर तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापस लेने के प्रत्येक सूचना आरओ को अभ्यर्थी या उसके प्रस्ताव या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा लिखित में देनी होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तावक निर्वाचन अभिकर्ता को लिखित में रुप में प्राधिकृत करना होगा, अन्यथा नाम वापसी मान्य नहीं होगी। नाम वापसी के लिए निर्धारित प्रारुप-5 है। मतदान 17 नवंबर को और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

### शनिवार से ही से जिला निर्वाचन कार्यालय में मिलने वाला था प्रत्याशियों को नामांकन फार्म

जिला निर्वाचन कार्यालय में शनिवार से ही प्रत्याशियों को नामांकन फार्म मिलने वाला था क्योंकि शनिवार से ही प्रदेश के दुसरे चरण के मतदान जहां होने हैं वहां अधिसूचना जारी हुई है। कोरिया जिले में दूसरे चरण में मतदान है और इसलिए शनिवार से यहां नामांकन फार्म दिए जाने की व्यवस्था है।

### कोरिया जिले में एक विधानसभा के लिए ही होगा नामांकन

पहली बार होगा कोरिया जिले के इतिहास में की जिले के निर्वाचन कार्यालय में ज्यादा गहमागहमी नहीं देखी जायेगी,इस बार जिला विभाजन के कारण एक ही विधानसभा के प्रत्याशी यहां नामांकन करेंगे इसलिए इस बार कोरिया में चुनाव का ज्यादा माहौल जिला निर्वाचन कार्यालय में नहीं दिखेगा।

## नाम निर्देशन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ

### आज कुल 17 अभ्यर्थियों ने लिया फॉर्म, 01 अभ्यर्थी ने फॉर्म किया जमा

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र फार्म लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया आज 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है। आज पहले दिन सूरजपुर के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिये कुल 17 व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पहले दिन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (04) - प्रेमनगर के लिए 08, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (05)-भटगांव के लिए 07 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (06)-प्रतापपुर के लिए 02 व्यक्तियों ने फार्म लिया। इसके साथ ही प्रेमनगर विधानसभा से 01 फॉर्म जमा भी किया गया।

CMYK

# किसी समाज विशेष को मेरे खिलाफ भड़काना कांग्रेस की साजिश: भईयालाल राजवाड़े

## मैं लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ता हूं,मेरा ध्येय जनता का प्रतिनिधित्व करना होता है,सभी जाति धर्म के लोग मिलकर अपना प्रतिनिधित्व चुनते हैं...

## मेरी जीत में कभी किसी एक समाज की हिस्सेदारी नहीं रही, आगे भी नहीं रहेगी

## सफलता सभी जाति समाज की बदौलत मिलेगी...किसी एक जाति समाज की वजह से यह संभव नहीं होगा : भईया लाल राजवाड़े



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े ने बड़ा बयान दिया है, उन्होंने कहा है की मुझे लेकर किसी जाति समाज को भड़काना कांग्रेस की साजिश है, मेरे मन में सभी जाति समुदाय समाज सहित धर्म से जुड़े लोगों का सम्मान है जो सभी जानते भी हैं। मैने कभी राजनीति क्षेत्र में भेदभाव नहीं किया सभी के लिए मैंने समान भाव रखा यह मेरे पिछले कार्यकाल को देखे हुए लोग जानते हैं वहीं सभी यह भी जानते हैं की भईयालाल राजवाड़े कभी किसी का अपमान नहीं कर सकता जरूरत में जो बन सका वह सहयोग ही करता आया है यही मेरे राजनीतिक जीवन की उपलब्धि रही है, जिससे सभी अवगत हैं वहीं उन्होंने यह भी कहा की मैं लोकतांत्रिक तरीकों से चुनाव लड़ने का पक्षधर रहा हूं वही करता भी हूं मेरा प्रथम ध्येय जनता की सेवा करना है क्षेत्र की इसके अलावा कुछ नहीं,भईयालाल राजवाड़े ने यह भी कहा की सभी जाति समाज धर्म से लोग एक साथ मिलकर एक प्रतिनिधि का चुनाव चुनाव के दौरान करते हैं कोई एक जाति समाज चाहकर भी अपना प्रतिनिधि नहीं चुन सकता यह मैं कहना चाहता हूं, मेरी पिछली सफलताएं सभी जाति समाज सहित धर्म के लोगों की बदौलत थीं आगे भी सभी के सहयोग से मुझे सफलता मिलेगी यह मेरा विश्वास है, वहीं मैं भी सभी को विश्वास दिलाता हूं की मेरी जीत लोकतंत्र की जीत साबित होगी क्षेत्र की जनता की जीत साबित होगी वहीं मैं सभी के लिए एक भाव से काम करूंगा यदि मैं चुनाव में सफल होता हूं यह विश्वास दिलाता हूं। मेरी जीत यदि जनता के सहयोग से संभव हुई मेरी जीत में सभी का योगदान मैं मानूंगा किसी एक जाति समाज की हिस्सेदारी या उसका सहयोग मात्र मेरी जीत सुनिश्चित करने में मददगार हुई यही केवल मानकर मैं नहीं चलूंगा यह भी मैं विश्वास दिलाता हूं।

भईयालाल राजवाड़े ने यह सब कुछ कहते हुए यह भी कहा की कांग्रेस उनके ऊपर जाति समाज के अपमान का आरोप लगाती चली आ रही है वहीं वह साबित करना चाहती है की भईयालाल राजवाड़े अन्य जातियों का अपमान करते हैं जबकि मुझे जानने वाले जानते हैं की मैने पिछले कार्यकाल में सभी को साथ लेकर चलने का काम किया सभी का सम्मान किया था, वहीं मैने पिछला चुनाव हारने के बाद भी सभी से मेलजोल बनाए रखा किसी के प्रति मैने न गलत सोचा न वैमनस्य मैने पाला, जनता ने मौका एकबार नहीं दिया कुछ कमी उनकी सेवा में रही होगी इसलिए नहीं दिया यही मानकर पिछले चुनाव में मिले जनमत को मैने स्वीकार किया और जुटा रहा, फिर यदि अवसर मिला उन कमियों को भी दूर करूंगा न की जा सकने वाली जनता की समस्याओं का फिर समाधान करूंगा और जनता से जुड़ा ही रहा जिसका ही प्रतिफल है फिर अवसर पार्टी ने दिया है अब जनता ने यदि विश्वास किया जनमत मिला अपनी तरफ से और अधिक बेहतर करने का प्रयास करूंगा यह जनता को विश्वास दिलाता हूं यह भईयालाल राजवाड़े ने क्षेत्र की जनता को संदेश दिया।

### इलाज के लिए भटकने नहीं दूंगा,यह भी कहा भईयालाल राजवाड़े ने

भईयालाल राजवाड़े ने यह भी कहा की जनता ने यदि अवसर दिया मैं क्षेत्र की जनता को इलाज की जरूरत पड़ने पर भटकने नहीं दूंगा।क्षेत्र सहित राजधानी तक पहले जैसी ही सुविधा क्षेत्र की जनता को मिलेगी जो इस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में नहीं मिली,इलाज के लिए मैं पुराने कार्यकाल की तरह ही समर्पित भाव से काम करूंगा यह भी विश्वास मैं जनता को दिलाता हूं। उन्होंने यह भी कहा की मेरे कार्यकाल में मैने इलाज के लिए भी सभी को एक भाव से देखा दुख में जो दिखा वह क्षेत्र का हो या प्रदेश के किसी भी जिले का हो सभी को मेरा दरवाजा खुला मिला किसी से जाति धर्म समाज देखकर मैने भेदभाव नहीं किया न ही क्षेत्र देखकर ही भेदभाव किया मेरा दरवाजा कैसे सभी के आदर सत्कार सहित उनकी सेवा के लिए खुला रहता था यह पूरा प्रदेश जानता है वहीं कांग्रेस मुझ पर आरोप लगाकर झूठा प्रचार करके ही चुनाव में अपना अस्तित्व साबित करना चाहती है। कांग्रेस को अपना काम बताना चाहिए जो वह नहीं बता पा रही है इसलिए वह व्यक्तिगत आरोप का सहारा ले रही है जो उसकी चुनाव से पहले ही हार मानने की स्थिति दर्शाती है।

### कांग्रेस पूरे प्रदेश में अपना विकास मॉडल भूल गई है,भाजपा की लहर से डरकर अब व्यक्तिगत आरोपों के सहारे चुनाव जीतना चाहती है कांग्रेस,जनता देख रही है जवाब देगी-

भईयालाल राजवाड़े ने यह भी कहा की कांग्रेस चुनाव तारीखों के एलान से पहले विकास की बात करती थी विकास मॉडल की बात करती थी, चुनाव जैसे ही करीब आया वह सब मॉडल विकास का अपना भूल गई वह भाजपा की लहर देखकर डर गई जो बन चुकी है भाजपा लौट रही है प्रदेश में। कांग्रेस का असली विकास भ्रष्टाचार था जिसे जनता ने जान लिया है और अब कांग्रेस के पास बताने के लिए कुछ नहीं इसलिए वह भाजपा प्रत्याशियों पर व्यक्तिगत आरोप लगाकर चुनाव जीतना चाहती है जिसमे भी वह असफल होगी,सोशल मीडिया में कांग्रेस अपना विकास बताने की बजाए आरोप लगा रही है विपक्ष पर जबकि उसे विकास के अधार पर जनता के बीच जाना था क्योंकि वह सत्ता में हैं आरोप लगाने का काम विपक्ष का होता है वही काम वह खुद कर रही है जिससे उसका विकास मॉडल समझा जा सकता है की खोखला है मात्र।

### जब तक मेरा जीवन है मैं जनता की सेवा करता रहूंगा...

भईयालाल राजवाड़े ने यह बयान कांग्रेस के उन आरोपों के खिलाफ दिया है जो कांग्रेस लगाती चली आ रही है जिसमे एक जाति विशेष को लेकर भईयालाल राजवाड़े पर कांग्रेस उसके अपमान का आरोप लगा रही है। भईयालाल राजवाड़े के इस बयान के बाद अब यह भी स्पष्ट हो गया की वह उनपर लगाए जाने वाले आरोपों को लेकर गंभीर हैं और वह इसको लेकर सजग भी हैं। भईयालाल राजवाड़े ने यह भी कहा की जब तक मेरा जीवन है मैं जनता की सेवा करता रहूंगा मैं प्रत्येक क्षेत्रवासी का सम्मान करता रहूंगा जनता ने इस बार अवसर दिया मैं फिर उसी ऊर्जा से काम करूंगा जैसा किया करता था किसी को कहीं भटकने नहीं दूंगा समाधान के लिए मैं उनके बीच खुद जाया करूंगा यह विश्वास मैं दिलाना चाहता हूं। भईयालाल राजवाड़े फिलहाल चुनावी प्रचार में जुटे हुए हैं और उन्हे जन समर्थन भी अपार मिल रहा है वहीं इसी बीच समय निकालकर उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को लेकर जवाब दिया है जो उनकी तरफ से सोच समझकर दिया गया बयान है जो जनता के बीच अच्छा संदेश देने में कारगर होगी ऐसी उम्मीद जताई जा रही है।

### साहू समाज के अपमान को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पहले से ही सजग दिखे भईयालाल राजवाड़े,दिया सुलझा हुआ बयान

भईयालाल राजवाड़े ने एक सुलझा हुआ बयान दिया है जो उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए जाने वाले उन आरोपों को लेकर दिया है जिसमे वह उनके ऊपर साहू समाज के अपमान का आरोप लगा रही है आगे भी चुनाव प्रचार में लगाएगी जिसकी भी पूरी संभावना है। भईयालाल राजवाड़े ने कांग्रेस के आरोपों को लेकर पहले ही जवाब दे दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है की उनके मन में सभी जाति समाज धर्म के लोगों के लिए सम्मान है और उन्हे लेकर जो कुछ कांग्रेस पार्टी आरोप लगा रही है या लगाएगी वह भ्रम फैलाने के प्रयास से ज्यादा कुछ नहीं होगा यह तय है। भईयालाल राजवाड़े ने अपना बयान पहले ही समाने रखकर सभी जाति धर्म समाज के लिए सम्मान भाव प्रकट कर यह भी स्पष्ट कर दिया है की उन्हे लेकर भ्रम फैलाने वालों को वह सफल नहीं होने देंगे पिछले चुनाव में भी वह अपना पक्ष रख चुके थे सभी के लिए सम्मान भाव उन्होंने जाहिर कर दिया था अब भी वह अपने उसी बयान पर कायम हैं इसलिए कांग्रेस का भ्रम नाकाम साबित होगा यह उन्होंने बयान जारी कर साबित कर दिया।

### कांग्रेस के पास भईयालाल राजवाड़े को लेकर कोई विकल्प नहीं इसलिए वह अनर्गल आरोपों का सहारा लेगी यह भी कहा भईयालाल राजवाड़े ने

भईयालाल राजवाड़े ने यह भी कहा की कांग्रेस के पास भईयालाल राजवाड़े को लेकर कोई विकल्प नहीं है,कांग्रेस भी जान गई है जनता को भईयालाल राजवाड़े की याद आ रही है वह भईयालाल राजवाड़े से ही अपना दुख सुख बताना चाह रही है उसका समाधान चाह रही है,जनता का मेरे प्रति लगाव देखकर कांग्रेस अनर्गल आरोपों का ही सहारा लेगी यह तय है इसलिए उनका आरोप भी बेमतलब साबित होगा और जनता को उनका असली सेवक फिर मिलेगा यह उन्हे विश्वास हो गया है इसलिए वह भईयालाल रजवाड़े की तरफ देख रहें हैं विश्वास से और कांग्रेस बौखलाहट में है।

### जनता का प्रतिनिधि बनकर हरवाह बनकर फिर से काम करूंगा यह जनता को विश्वास दिलाता हूं

भईयालाल राजवाड़े ने यह भी कहा की मैं क्षेत्र की जनता का हरवाह बनकर ही काम करूंगा मैं प्रतिनिधि बनकर जनता के हर सुख दुख में सहभागी बनूंगा,क्षेत्र में रहूं यह राजधानी में उपलब्ध रहूं अवसर जनता ने दिया जहां उपलब्ध रहूंगा वहीं सेवा जारी रहेगी जो पहले भी जारी रहती थी क्षेत्र सहित राजधानी तक।

# सीसी सड़क की जांच में पहुंचे अधिकारी को नहीं दिखाई दी गुणवत्ता विहीन सड़क

## जिला खनिज न्यास संस्थान मद से लाखों रूपए की लागत से बनाई गई है सीसी सड़क



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
ग्राम पंचायत तोलगा मे नवनिर्मित सी सी सडक के निर्माण कार्य में बिना ब्रांडेड कंपनी के सीमेंट का उपयोग कर सी सी सडक निर्माण कार्य किये जाने की खबर घटती घटना अखबार में प्रकाशित होने पर ग्राम पंचायत तोलगा गये अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी को किसी प्रकार कि सी सी सडक पर गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य दिखाई नहीं दिया और कहा कि सब कुछ ठीक है?

ग्राम पंचायत तोलगा मे सी सी सडक निर्माण हेतु जिला खनिज न्यास संस्थान मद से सात लाख बीस हजार रुपए की राशि झारपारा मेन रोड से संरपच घर तक सी सी सडक की स्वीकृति प्रदान की गई है। और सी सी सडक निर्माण कार्य भी पूर्ण हो गया है जबकि इस सी सी सडक निर्माण कार्य की गई विडियो ग्राफी में सी सी सडक निर्माण कार्य की निचली सतह पर प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया होना स्पष्ट दिखाई दे रहा है सड़क की मौटाई चौड़ाई लंबाई आदि भी कम दिखाई दे रहा है सी सी सडक में कहीं बाईब्रेटर का उपयोग भी नही किया गया है ये सब कुछ स्पष्ट विडियो ग्राफी में दिखाई देने के बाद भी जांच में गये ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा इस सी सी सडक निर्माण को गुणवत्ता युक्त होना बताया जा रहा है। इस सी सी सडक निर्माण कार्य में उपयोग हो रहे अधिराज सीमेंट (श्री प्लस ) जो बिना ग्रेड का सीमेंट होने के बाद भी इन अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा ये बताया जा रहा है कि इस निर्माण कार्य में उपयोग किया गया सीमेंट पलोजोना पोर्ट लैंड सीमेंट बोरी लिखा हुआ है और इस सीमेंट को सीधे प्लांट रायपुर से मंगाया गया है इस तरह का जवाब दे रहे हैं अनुविभागीय अधिकारी। आपको ज्ञात हो कि कोई भी सीमेंट का निर्माण प्लांट में ही निर्मित होगा चाहे वो ब्रांडेड कंपनी का हो या मिनी प्लांट का सीमेंट लगता है इस सी सी सडक निर्माण कार्य में अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा निर्माण एजेंसी का पक्ष लिया जा रहा है आखिर क्यों ना ले एक कहावत भी इन पर ठीक साबित हो रही है कि

सी सी सडक निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के द्वारा दिए गए बयान की विडियो ग्राफी में मजदूर ने बताया कि इस सी सी सडक निर्माण कार्य में इंजिनियर एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के द्वारा एक दिन भी स्थल निर्माण कार्य का निरीक्षण नहीं किया गया है। उसके बाद भी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा ये कहा जा रहा है कि इंजिनियर तो साइड पर गया था जब इंजिनियर साइड पर गया था तो उसे निचली सतह पर प्लास्टिक वाईब्रेटर सड़क की मोटाई चौड़ाई लंबाई और अधिराज सीमेंट बिना ग्रेड का ये सब कुछ दिखाई नहीं दिया और अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण हुआ है ये बताया जा रहा है ?

क्या ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी इस घटिया अधीराज सीमेंट (श्री प्लस) बिना ग्रेड के मिनी प्लांट के सीमेंट से पूर्ण हुए सी सी सडक निर्माण बिना वाईब्रेटर बिना प्लास्टिक जोड़ों में सीमेंट की बोरियों का उपयोग सड़क का मापदंड सही नहीं होने को गुणवत्ता युक्त बताकर अनुविभागीय अधिकारी अपनी जांच पूर्ण बता रहे हैं इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारी जनपद पंचायत खड़गवां के क्षेत्र में हो रहे सी सी निर्माण कार्य के प्रति कितने सजग और समर्पित है ?

अनुविभागीय अधिकारी इस क्षेत्र में पिछले पंद्रह सालों से इसी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यालय में अंगद के पांव की तरह जमे होने के कारण क्षेत्र में अपनी पैठ जमाए हुए हैं। आखिर क्यों ना जमाए जो पिछले पंद्रह सालों का संपर्क है ? क्योंकि स्थल में की गई विडियो ग्राफी अनुविभागीय अधिकारी के जांच में गलत है। अधिकारी ने कहा सब कुछ सही है अधिकारी के इस जांच पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं?*

इस संबंध में जब ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के के चौधरी से फोन के माध्यम से सी सी सडक निर्माण कार्य की जांच पश्चात गुणवत्ता के संबंध में जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि मेरे जांच में सब कुछ ठीक है और सी सी सडक निर्माण गुणवत्ता युक्त हुई है।

## 31 अक्टूबर को समीक्षा, 02 नवंबर तक होगी नाम वापसी

# विधानसभा निर्वाचन 2023 की अधिसूचना जारी

-संवाददाता-
कोरबा 21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई तथा अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे तथा 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा होगी वहीं 02 नवंबर को अभ्यर्थी नाम वापस ले पाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव संबंधी कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों हेतु निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर, 21 कोरबा, 22 कटघोरा तथा 23 पाली-तानाखार के विधानसभा चुनाव की अभ्यर्थिता हेतु आगामी 30 अक्टूबर 2023 (सार्व. अवकाश को छोड़कर) तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे।




### यहां होंगे नामांकन

विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया कल 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। नाम-निर्देशन हेतु अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू को विधानसभा क्रमांक 20-रामपुर कक्ष क्रमांक 05 भू-तल के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्रमांक-21 कोरबा हेतु कक्ष क्रमांक 13 भू-तल में अनुविभागीय अधिकारी कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा को रिटर्निंग अधिकारी, विधानसभा क्रमांक 22-कटघोरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा सुश्री रिचा सिंह कक्ष क्रमांक 37 प्रथम तल में रिटर्निंग अधिकारी तथा विधानसभा क्रमांक 23- पाली-तानाखार हेतु कक्ष क्रमांक 23 भू-तल में अनुविभागीय अधिकारी पोड़ी-उपरोड़ा श्री हरिशंकर पैंकरा को रिटर्निंग अधिकारी अधिसूचित किया गया है। उपरोक्त कक्ष में नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे।

### 17 को होगा मतदान



विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों हेतु 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक तैयारियां देखी।

### नाम निर्देशन पत्र लेने का समय दोपहर तीन बजे तक

रिटर्निंग आफिसर कार्यालय से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक रहेगा। जबकि पूर्णतः भरे हुए नामांकन पत्र जमा करने का समय प्रातः 11 बजे से अपरांह तीन बजे तक निर्धारित है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि हमारे फर्म मेंo मां माहामाया कस्ट्रक्सन पंजिकृत कार्यालय जेल रोड रामानुजगंज जिला बलरामपुर छoगo से पर्टनर श्री शैलेष कुमार गुप्ता आo स्वo रामाधार प्रसाद गुप्ता निवासी नमनाकला अम्बिकापुर जिला सरगुजा छoगo दिनांक 01/04/2022 से अलग हो गये हैं। उक्त दिनांक से फर्म में ईनकी कोई भी भागीदारी नहीं रही है।

सूचनार्थ
पार्टनर

# वाहन चेकिंग के दौरान 23 किलो ग्राम चांदी के जेवरात को किया गया जप्त

-संवाददाता-
कोरबा 21 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
एसपी कोरबा जितेंद्र शुक्ला द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया थाना प्रभारी दीपका अश्विनी राठौर के नेतृत्व में दीपका स्टाफ वाहन चेकिंग हेतु तिवारता- दीपका रोड रवाना हुए थे कि चेक पोस्ट लगाकर वाहनों का चेकिंग किया जा रहा था। इस दौरान तीवरता की ओर से एक व्यक्ति आल्टो कार में आया। जिसे रोककर पूछताछ किया गया जिन्होने अपना नाम शिवपाल सिंह कंवर पिता जीवनराय कंवर उम्र 37 वर्ष साकिन - विजयनगर बिझरा ज़िला - कोरबा का रहने वाला बताया और उसके कार के डिक्की को चेक करने पर डिक्की में रखे चांदी के आभूषण करीबन 23 किलो ग्राम कीमती करीबन 16,10,000/- रूपये मिला जिसका कोई बिल पेश नही किया गया। जिसके बाद गवाहों के सक्षम जप्त कर धारा 102 जा.फौ. के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही किया गया है ।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

No. SBF/मंडल कैंटीन/Open Tender/01, दिनांक: 20.10.2023

**अधिसूचना**

मंडल रेल प्रबंधक / बिलासपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, के कार्यालय परिसर में स्थित मंडल कैन्टीन का संचालन निर्धारित नियमों/शर्तों के तहत दो वर्षों की अवधि के लिए खुली निविदा के माध्यम से करने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता हैं ।

1. निविदा प्रपत्र दिनाँक 20-11-2023 से 28-11-2023 तक कार्य दिवस में समय 11.00 बजे से 16.00 बजे तक भंडार अनुभाग, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ बिलासपुर के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता हैं । निविदा प्रपत्र एवं शर्ते द.पू.म.रेलवे के वेबसाइट www.secr.indianrailways.gov.in के Dept./Div of SECR-Bilaspur Division-Personnel-Notification पर भी उपलब्ध रहेगा ।
2. निविदा प्रपत्र दिनाँक 21-11-2023 से 28-11-2023 तक कार्य दिवस में समय 11.00 बजे से 16.30 बजे तक भंडार अनुभाग, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ बिलासपुर के कार्यालय में जमा किया जा सकता हैं।
3. दिनाँक 28-11-2023 के 16.30 बजे के बाद प्राप्त निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा । प्राप्त निविदा प्रपत्र दिनाँक 28-11-2023 के 17.00 बजे उपरवर्णित कार्यालय में खोले जायेंगे ।

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे / बिलासपुर

सीपीआर/10/275

Ro.No-69284

# टल गया वर्ल्ड कप का तीसरा बड़ा उलटफेर,श्रीलंकाई सदीरा समरविक्रमा के तूफान में उड़ी नीदरलैंड्स

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2023**

वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शनिवार (21 अक्टूबर) को एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने वाला था. श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ मैच में नीदरलैंड्स जीतती नजर आ रही थी, लेकिन सदीरा समरविक्रमा ने तूफानी पारी खेलकर पूरी बाजी ही पलट दी। श्रीलंका ने यह मुकाबला आसानी से 5 विकेट से जीत लिया. इस वर्ल्ड कप में श्रीलंकाई टीम ने 4 मैचों में यह पहली जीत दर्ज की है. यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, जिसमें टॉस जीतकर डच टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 263 रनों का टारगेट दिया था. इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने 5 विकेट गंवाकर 48.2 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया।



श्रीलंका के लिए स्टार प्लेयर सदीरा समरविक्रमा ने 107 गेंदों पर नाबाद 91 रनों की मैच विनिंग पारी खेली। जबकि पथुम निसांका ने 54 और चरिथ असलंका ने 44 रन बनाए. नीदरलैंड्स के लिए ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 3 विकेट झटके. कॉलिन एकरमैन और पॉल वैन मीकेरेन ने 1 विकेट लिया.बता दें कि चोटिल दासुन शनाका की गैरमौजूदगी में कुसल मेंडिस श्रीलंकाई टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं। दूसरी ओर नीदरलैंड्स है, जिसने अपने पिछले ही मुकाबले में बड़ा उलटफेर किया था। उसने साउथ अफ्रीका को 38 रनों से शिकस्त दी थी. इस मैच में भी वो उलटफेर के लिए निकले थे, लेकिन सदीरा ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया।

### इस तरह रही नीदरलैंड्स टीम की बल्लेबाजी

नीदरलैंड्स की टीम की ओर से ओपनिंग बल्लेबाजी करने के लिए विक्रमजीत सिंह, मैक्स ओडॉउड आए. दोनों ने ही संभलकर खेलने की कोशिश की। श्रीलंका के गेंदबाजों ने शुरुआती ओवर्स में बांधकर रख दिया इस बात का नतीजा सामने आया, जब 3.4 ओवर्स में कासुन राजि था ने विक्रमजीत सिंह को 4 रन के स्कोर पर चलता कर दिया। सिंह के बाद मैदान में मैक्स ओ डॉउड उतरे. वह लग रहा था कि बड़ा स्कोर खड़ा करेंगे। लेकिन उनको (16) के स्कोर पर राजिथा ने ही बोल्ड कर दिया। उस समय डच टीम का स्कोर 48 रन ही हुआ था। इसके बाद एक बार फिर से राजिथा का जादू चला और उन्होंने कॉलिन एकरमैन (29) को चलता कर दिया। कॉलिन बेहद शानदार टच में लग रहे थे। उन्होंने अपनी पारी में 31 गेंदों का सामना किया, इसमें 5 शानदार चौके भी शामिल रहे. इसके बाद भी नीदरलैंड्स टीम का विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। 68 रन पर उनका चौथा विकेट गिरा। बास डी लीडे (6) रन पर दिलशान मदुशंका का शिकार बन गए। तू चल मैं आया वाली तर्ज पर इसके बाद 75 रन के स्कोर पर भारतीय मूल के डच बल्लेबाज तेजा निदामानुरु (9) पांचवे विकेट के रूप में आउट हुए।

### 91 रन पर 6 विकेट साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट-लोगान वान बीक बने हीरो

नीदरलैंड्स के कप्तान जब आउट हुए तब उनकी टीम का स्कोर 91/ 6 था। इसके बाद साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट,लोगान वान बीक (59) में टीम के विकेट गिरने का सिलसिला रोका। दोनों ही बल्लेबाज स्कोरबोर्ड को 221 तक ले गए। फिर इसी स्कोर पर मधुशंका ने साइब्रांड (70) को चलता कर दिया। इसके बाद नीदरलैंड्स के बल्लेबाज एक के बाद आउट होते गए।

## रोहित के लिए काल है ये कीवी फास्ट बॉलर,चार बार झटक चुका है विकेट



**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2023**

**नई दिल्ली।** वर्ल्डकप 2023 में रोहित शर्मा का बल्ला जमकर बोल रहा है। हिटमैन इस मेगा इवेंट में अलग ही फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वनडे फॉर्मेट को टी-20 की तरह खेलने का रोहित का मास्टर प्लान उनके और भारतीय टीम दोनों के लिए ही बेहद असरदार साबित हो रहा है। हालांकि, धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ हिटमैन को बेहद सतर्क रहना होगा। कीवी टीम में एक ऐसा गेंदबाज मौजूद है, जिसको रोहित के बल्ले पर लगाम लगाने का हुनर बखूबी आता है। रोहित शर्मा को धर्मशाला में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट से बड़ा खतरा होगा। कीवी फास्ट बॉलर ने व्हाइट बॉल की क्रिकेट में रोहित को खासा तंग किया है। शुरुआती ओवरों में बोल्ट की लहराती हुई गेंदों पर हिटमैन कई बार अपना विकेट गंवा चुके हैं। रोहित का वनडे क्रिकेट में ट्रेंट बोल्ट से 13 पारियों में सामना हुआ और इस दौरान कीवी तेज गेंदबाज ने हिटमैन को चार बार पवेलियन की राह दिखाई है। बोल्ट के खिलाफ रोहित का औसत 22 का है, तो उनका स्ट्राइक रेट महज 64 का रहता है।

### नई गेंद से कहर बरपा सकता है कीवी गेंदबाज

ट्रेंट बोल्ट धर्मशाला की कंडिशंस में नई गेंद से काफी खतरनाक साबित हो सकते हैं। शुरुआती ओवरों में बोल्ट की लहराती हुई गेंदें बल्लेबाजों का जीना हराम करके रखती हैं। अपनी रफ्तार और स्विंग के दम पर बोल्ट रविवार को भी भारतीय बल्लेबाजों की अग्निपरीक्षा ले सकते हैं। 2019 वर्ल्ड कप में बोल्ट और मैट हेनरी ने मिलकर भारत के टॉप ऑर्डर की कमर तोड़कर रख दी थी।

### जमकर बोल रहा है हिटमैन का बल्ला

रोहित शर्मा का प्रदर्शन आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में अब तक लाजवाब रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच को छोड़कर हिटमैन ने हर मुकाबले में बल्ले से धमाल मचाया है। रोहित अब तक खेले चार मैचों में 66.25 की औसत और 137 के बेमिसाल स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 265 रन कूट चुके हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय कप्तान ने शतकीय पारी खेली थी। वहीं, पाकिस्तान के खिलाफ भी रोहित ने 86 रन की तेज तर्रार पारी खेली थी।

## अमित सरोहा और पारुल परमार पैरा एशियाई खेलों में होंगे ध्वज वाहक

**सोनीपत,21 अक्टूबर 2023**

अमित सरोहा पैरा एशियाई खेलों में भारतीय ध्वज वाहक बनेंगे। चीन के हांगझू में 22 से 28 अक्टूबर तक होने वाले पैरा एशियाई खेलों में उनके साथ गुजरात की बैडमिंटन खिलाड़ी पारुल परमार भी ध्वज लेकर चलेंगी। अमित अब तक विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दर्जनों पदक जीत चुके हैं। अर्जुन अवॉर्डी अमित सरोहा अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। अमित सरोहा इससे पहले वर्ष 2010, 2014 व 2018 एशियाई खेलों में दो स्वर्ण व दो रजत पदक जीत चुके हैं। अमित सरोहा ने बताया कि एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने 107 पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। अब पैरा एथलीट भी पूरी तरह तैयार है। इन खेलों में 332 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 196 पुरुष और 133 महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में जकार्ता पैरा एशियाई खेलों में भारतीय टीम ने 72 पदक जीते थे। इस बार भारतीय टीम 120 से ज्यादा पदक जीतेगी।




### पैरा एशियाई खेलों में 446 सदस्यीय दल भेजेगा भारत

भारत हांगझू में 22 से 28 अक्टूबर तक होने वाले चौथे एशियाई पैरा खेलों में 446 सदस्यीय दल भेजेगा जिनमें 303 खिलाड़ी हैं। खेल मंत्रालय ने 17 खेलों में 303 खिलाड़ियों (191 पुरुष और 112 महिला) को मंजूरी दी। इनके अलावा 143 कोच, अधिकारी और सहयोगी स्टाफ भी जाएंगे। इनमें से 123 खिलाड़ी एथलेटिक्स के ही हैं। यह एशियाई पैरा खेलों में भारत का सबसे बड़ा दल है। पिछली बार जकार्ता में 190 खिलाड़ियों ने 13 खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करके 15 स्वर्ण समेत 72 पदक जीते थे।


## पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज शफीक ने कहा, आगामी मैचों से पहले फिनिशिंग पर काम करेंगे

**बेंगलुरू, 21 अक्टूबर 2023।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक को इस बात का अफसोस है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बावजूद उनकी टीम मैच का सफल अंत (फिनिशिंग) नहीं कर पाई और उसे विश्व कप के अगले मैच से पहले इस पर काम करने की जरूरत है। पाकिस्तान के सामने 368 रन का लक्ष्य था। शफीक (64) और इमाम उल हक (70) ने पहले विकेट के लिए 134 रन जोडकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। शुक्रवार को खेले गए इस मैच में हालांकि पाकिस्तान की टीम 305 रन बनाकर आउट हो गई थी। शफीक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन खेल दिखाया। हमें यह स्वीकार करना होगा। हमने भी अपनी तरफ से अच्छा प्रयास किया। हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा,हमारी बल्लेबाजी भी अच्छी थी लेकिन बीच के ओवरों में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। हमें मैच का सफल अंत करना चाहिए था। हमें इस पर काम करना होगा। उम्मीद है कि हम इस मैच से सबक लेकर आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। शफीक ने कहा कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच पर 368 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। उन्होंने कहा,,हमने पहले भी इतना बड़ा लक्ष्य हासिल किया है जैसे कि श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में हमने 345 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हमें अपनी बल्लेबाजी पर पूरा विश्वास है। लेकिन उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और उनके क्षेत्ररक्षण भी अच्छा था।



## मनोज बाजपेयी की जोरम दुनियाभर के सिनेमाघरों में होगी रिलीज, अभिनेता ने बताई रिलीज तारीख

मनोज बाजपेयी की फिल्म जोरम अब तक कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित की जा चुकी है। इन समारोहों में फिल्म को खूब सराहा गया है।इन दिनों फिल्म बुसान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शन के लिए चर्चा में है। फिल्म लगभग हर महाद्वीप के चक्कर लगा चुकी है। अब खबर आई है कि यह फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। खुद मनोज ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, मनोज और जीशान अय्यूब की फिल्म जोरम दुनियाभर में रिलीज की जाएगी।फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और मखीजा फिल्म ने मिलकर किया है। इसका निर्देशन देवाशीष मखीजा ने किया है। मखीजा और मनोज इससे पहले शॉर्ट फिल्म तांडव में भी साथ काम कर चुके हैं।जी स्टूडियोज ने अपने बयान में कहा कि वैश्विक दर्शकों को समझने के बाद वे इसे योजनाबद्ध तरीके से दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज करेंगे। मनोज ने खुद जानकारी दी कि यह फिल्म दुनियाभर में 1 दिसंबर को रिलीज होगी।उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय मंचों से लेकर बड़े पर्दे तक का इस फिल्म का सफर इसके सर्वव्यापक और समय से परे होने को दर्शाता है। मैं इस कहानी को वैश्विक दर्शकों के साथ साझा करने के लिए बेताब हूं और मुझे उम्मीद है कि यह अलग-अलग पृष्ठभूमि और संस्कृति के लोगों के साथ जुड़ेगी।उन्होंने फिल्म को मिल रहे सम्मान पर भी खुशी जाहिर की। यह बॉलीवुड फिल्म एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में मनोज ने दसरु नाम के एक जनजातीय व्यक्ति का किरदार निभाया है।दसरु एक विस्थापित पिता है, जो अपनी बच्ची के साथ अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने अतीत और वर्तमान के बीच फंसा हुआ है। उसके पुराने कारनामे उसके वर्तमान को बर्बाद कर रहे हैं।फिल्म में तनिष्ठा चटर्जी और राजश्री देशपांडे भी नजर आएंगी। जोरम इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में फिल्म विशेषज्ञों की वाहवाही पा चुकी है।फिल्म सिडनी फिल्म फेस्टिवल, डरबन फिल्म फेस्टिवल, एडिनबर्ग फिल्म फेस्टिवल में भी प्रदर्शित की जा चुकी है। डरबन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म के लिए मनोज को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी दिया गया था। यहां इस फिल्म के लिए पीयूष पुती ने सर्वश्रेष्ठ सिनेमाटोग्राफर का पुरस्कार जीता था।इनके अलावा फिल्म रोटरडम और इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में भी चर्चा में रही थी। 1 दिसंबर को रिलीज होने का मतलब है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल के साथ रिलीज होगी। रणबीर की यह फिल्म काफी समय से चर्चा में है। फिल्म में रणबीर के साथ रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर नजर आएंगे।



## अदा शर्मा द केरला स्टोरी के निर्माताओं के साथ अगले प्रोजेक्ट बस्तरः द नक्सल स्टोरी के लिए साथ आईं

द केरला स्टोरी की अभिनेत्री अदा शर्मा निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन के साथ अगले प्रोजेक्ट बस्तरः द नक्सल स्टोरी के लिए जुड़ गई हैं। तीनों ने मुहूर्त पूजा के साथ शूटिंग शुरू की, उसके बाद स्थान पर पहले दिन की शूटिंग की गई। पूजा में विपुल, सनशाइन पिक्चर्स से आशिन ए शाह, सुदीप्तो और अदा शर्मा मौजूद थी। पूजा के ठीक बाद अदा ने लोकेशन पर अपना पहला शॉट दिया। अभिनेत्री ने फिल्म के लिए अपना पहला संवाद बोला और वह मिलिट्री पैंट, एक काली कमांडो टी-शर्ट और कमांडो जैसा बंधना पहने हुए नजर आई। इससे वाकई फिल्म देखने का उत्साह बढ़ गया है। जून में निर्माताओं ने फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी, और सोशल मीडिया पर लिखा था, छिपा हुआ सच जो देश को तूफान में ले जाएगा.. बस्तर। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और आशिन ए शाह द्वारा सह-निर्मित, बस्तरः द नक्सल स्टोरी सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित है और लास्ट मॉन्क मीडिया के सहयोग से सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनाई गई है। यह 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।

## क्यों अमिताब बच्चान से आधे घंटे पहले सेट पर पहुंच जाते थे किंग खान,आर बाल्की ने बताया दिलचस्प किस्सा

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2023**

सालों बाद हिंदी सिनेमा के शहंशाह अमिताभ बच्चन और बादशाह शाह रुख खान को एक साथ स्क्रीन पर देखा गया। उनका एड काफी सुर्खियों में रहा और उनकी केमिस्ट्री हमेशा की तरह लाजवाब थी। हाल ही में, दिग्गज निर्देशक आर. बाल्की ने एड शूट के सेट पर अमिताभ और शाह रुख से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया है।

यूं तो अमिताभ बच्चन और शाह रुख खान ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन पहली बार दोनों को साथ में किसी एड शूट में देखा गया। सालों बाद उन्हें एक साथ एड शूट में देख फैंस बेहद खुश हो गए। निर्देशक आर. बाल्की ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलासा किया है कि एड शूट के सेट पर अमिताभ और शाह रुख के बीच कैसा बॉन्ड था।



रेडियो नशा के साथ बातचीत में बाल्की ने बताया कि अमिताभ बच्चन से करीब आधे घंटे पहले ही शाह रुख खान सेट पर पहुंच जाया करते थे। बकौल बाल्की, वे दोनों शूटिंग के दिन मिले थे। यह बहुत आसान था। शाहरुख कह रहे थे, बस सुनिश्चित करें कि मैं अमित जी से 10 मिनट पहले वहां पहुंचूं। आप जहां भी संभव हो उसे पकड़ कर रखें। मुझे अमित जी से 10 मिनट पहले पहुंचना है, चाहे कुछ भी हो जाए। बाल्की ने कहा कि शाह रुख खान, अमिताभ जी के लिए सुबह 7.30 बजे भी सेट पर पहुंचने के लिए तैयार हो गए थे। डायरेक्टर ने आगे कहा, मैंने उनसे 2 बजे शूट शुरू करने के लिए बोला तो उन्होंने कहा, बढ़िया। तो मैं 1.50 बजे पहुंच जाऊंगा शाह रुख, अमित जी से आधे घंटे पहले पहुंच गए थे। अमित जी के आने से पहले ही वह तैयार थे।

### सेट पर कैसा था अमिताभ और शाह रुख का बॉन्ड

आर. बाल्की ने ये भी बताया कि सेट पर अमिताभ बच्चन और शाह रुख खान ऐसे बिहेव कर रहे थे, जैसे सालों बाद उनका रीयूनियन हुआ हो। बकौल बाल्की, दोनों चुटकुले सुना रहे थे, खुश थे और एक-दूसरे को डायरेक्ट कर रहे थे। ऐसा लग रहा था कि ओल्ड स्कूल रीयूनियन है। यह किसी विज्ञापन शूट में बिताए गए सबसे मजेदार दिन जैसा था। हमने 12 घंटे तक शूटिंग की। बता दें कि शाह रुख और अमिताभ ने एवरेस्ट ब्रांड के लिए शूटिंग की थी। दोनों मोहब्बतें, कभी खुशी कभी गम और कभी अलविदा ना कहना जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

CMYK

# कांग्रेस के 83 प्रत्याशियों खिलाफ भाजपा ने की शिकायत

## अपना क्राइम रिकॉर्ड चुनाव आयोग में नहीं जमा करने का लगाया आरोप




**रायपुर 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से कांग्रेस को लेकर शिकायत की है. शिकायत में बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषित 83 प्रत्याशियों का अपराधिक रिकॉर्ड चुनाव आयोग में 48 घंटे के भीतर जमा नहीं किया है. जबकि सुप्रीम कोर्ट के दिए गए आदेशानुसार किसी भी राजनीतिक पार्टी को अपने घोषित प्रत्याशियों का अपराधिक रिकॉर्ड 48 घंटे के भीतर चुनाव आयोग में जमा करना होता है. भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जयप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने 83 घोषित प्रत्याशियों का अपराधिक रिकॉर्ड चुनाव एवं कांग्रेस पार्टी की वेबसाइट, सोशल मीडिया, दो समाचार पत्र जिनमें एक नेशनल और एक लोकल में प्रकाशित नहीं किया गया है. अपराधिक रिकॉर्ड घोषित नहीं करने वालें कांग्रेस के प्रत्याशियों के नामों की सूची चुनाव आयोग को सौंपी गई हैं. चंद्रवंशी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से निवेदन किया है कि उक्त कांग्रेस के प्रत्याशियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना की है. ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए. इस दौरान विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी चंद्रवंशी, विजयशंकर मिश्रा, भुवनलाल साहू, कैलाश, सौरभ मिश्रा, ऋषि राज पीठवा, केके चंद्राकर उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

### रेलवे सुरक्षा बल ने 21 अक्टूबर को मनाया पुलिस स्मृति दिवस



**रायपुर 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** रायपुर। किसी भी देश के लिए पुलिस फोर्स बहुत जरूरी होती है, जो अपराध से बचाने, अपराधियों को उनके अपराधिक कृत्यो की सजा देने के लिए और उस क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में विशेष भूमिका का निर्वहन करती है। इस कर्तव्य पालन के दौरान कर्तव्य की बलिवेदी पर अपना सर्वस्व सर्मपण करने वाले पुलिस/अर्द्धसैनिक बलो के वीर जवान, जो कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हो जाते है उन्हे प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को सम्मानित करने के लिए पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल के 13 अधिकारी एवं जवान कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुये है। रायपुर मंडल मे इनके सम्मान मे दिनांक 21.10.2023 को शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस सम्मान परेड मे श्री संजय कुमार गुप्ता, मंडल सुरक्षा आयुक्त, सुनिल बी. चाटे सहायक सुरक्षा आयुक्त, एम.के.मुखर्जी, निरीक्षक, रायपुर, अश्वनी बारले, निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, रायपुर एवं अन्य अधिकारी एवं बल सदस्य उपस्थित थे।

### बिरजू तारम की हत्या कांग्रेस की साजिशः बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** वरिष्ठ भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मोहला-मानपुर में भाजपा कार्यकर्ता बिरजू तारम की हत्या मामले में कांग्रेस पर निशाना साधा है। बृजमोहन अग्रवाल ने इस हत्या को लक्षित हत्या करार दिया है। इसे सरकार की सोची समझी साजिश बताया है। अग्रवाल का कहना है की, सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने के लिए उनकी लक्षित हत्या करवा रही है और ऐसा कोई पहली बार नहीं हुआ है। अग्रवाल का यह भी कहना है कि, वो पहले ही इस प्रकार के अपराधों की आशंका जाहिर कर चुके थे।

### कंपनी के 7 लाख रुपए का किया गबन, जुर्म दर्ज

**रायपुर 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** फर्म में 7 लाख रुपए जमा ना कर गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत ताम्रकार 44 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विक्की भीमगज हनु कृपा एग्रो इंडस्ट्रीज में काम करता है। इस दौरान आरोपी ने दिनेश ट्रेडर्स फर्म से 7 लाख रुपए वसूलकर लाया और कंपनी में ना जमा कर गबन कर लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को मिली तो उसने इसकी शिकायत मौदहापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया आदेश



**रायपुर 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** **रायपुर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 4 और राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे.

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध ना होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है. राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर, रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर और एनएचएमएमआई अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी. इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम के अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी.

आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी और सुरक्षा बलों समेत स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे. जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी (मो. नंबर 98278-72102, 0771-4026201) के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा.

# चेकिंग पाइंट में अनियंत्रित ट्रक ने चुनाव ड्यूटी में तैनात कैमरामैन को कुचला,मौत





**आरंग 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर जिले के अंतिम छोर ग्राम पारागांव में बनाए गए चेकिंग पॉइंट पर अनियंत्रित ट्रक घुस गई। जिससे चुनावी ड्यूटी में तैनात कैमरामैन की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि एक प्रधान आरक्षक घायल हो गया है। जिसका इलाज जारी है। घटना की सूचना पर जिले के आईजी रतन लाल डांगी, रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, एएसपी नीरज चंद्राकर, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, सीएसपी कल्पना वर्मा, आरंग थाना प्रभारी एसएन सिंह सहित प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार घटना बीती रात की है. पारागांव रायपुर जिले का अंतिम छोर का गांव है, जो नेशनल हाईवे 53 पर है. यहां विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) तैनात है और जिले के अंदर प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग और वीडियोग्राफी करते है। ट्रक क्र. CG06 GP 5155 सरायपाली से लोहे का सामान लेकर भिलाई जा रहा था. तेज रफ्तार ट्रक पारागांव के पास अनियंत्रित होकर एसएसटी पॉइंट, यात्री प्रतीक्षालय और अस्थायी चेक पोस्ट को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना में वीडियोग्राफर ग्राम छतौना (फरफौद) निवासी धनंजय धीवर (उम्र 22 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आरंग थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक उत्तम सोनी घायल हो गए हैं। घटना के वक्त आरोपी ट्रक चालक गोपाल सोनवानी और हेल्पर वीरेंद्र सिदार नशे में धुत्त थे। पुलिस ने ट्रक चालक और हेल्पर को हिरासत में ले लिया है। प्रशासन द्वारा मृतक धनंजय धीवर का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है ।.

# राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष के घर दुसरे दिन भी जारी है ईडी की कार्यवाही





**कोरबा 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** **कोरबा।** छत्तीसगढ़ में दूसरे दिन यानी शनिवार को भी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई जारी है। आज कोरबा जिले के साथ-साथ कटघोरा नगर में ईडी की टीम ने एक राइस मिलर्स व व्यवसायी के घर पर दोपहर को दबिश दी है।

बता दें कि कटघोरा के राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष व व्यवसायी प्रशांत अग्रवाल के कसनिया स्थित काके ढाबा के सामने घर पर दोपहर 12 बजे ईडी की टीम ने दबिश दी। 5 सदस्यीय ईडी की टीम में एक महिला और दो पुरुष अधिकारियों के साथ दो सशस्त्र बल मौजूद हैं। ईडी प्रशांत अग्रवाल के घर के भीतर सभी दस्तावेज खंगाल रही है। दरअसल, शुक्रवार सुबह से ही कोरबा, दुर्ग और तिल्दा में श्वष्ठ और ढ्ढञ्ज की छापेमार कार्रवाई चल रही है.।जानकारी मिल रही है कि राइस मिलर्स और कारोबारियों के यहां नान घोटाले से जुड़ी जांच के संबंध में ये रेड पड़ी है। कोरबा जिले के लालू राम कॉलोनी निवासी अमित अग्रवाल के घर पर दबिश दी। अमित अग्रवाल के पहंदा स्थित राइस मिल में कल ईडी ने छापा मारा था। आज सुबह ईडी की टीम उनके घर पर पहुंची और जांच कर रही है।

# मुठभेड़ में दो नक्सली ढेरः सुरक्षा बल के सभी जवान सुरक्षित

## रायफल, बंदूक के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद



**कांकेर 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** जिले के गोमे गांव के सरहदी जंगलों में डीआरजी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया. मुठभेड़ स्थल से दो नक्सलियों के शव के साथ एक इंसास रायफल और भरमार बंदूक बरामद किया गया है. इसकी पुष्टि एसपी दिव्यांग पटेल ने की है।

बताया जा रहा कि शुक्रवार की रात जिला कांकेर के थाना कोयलीबेड़ा से कांकेर DRG और बस्तर फाइटर जिला बल एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी गस्त सर्चिंग के लिए निकली थी. सर्चिंग अभियान के दौरान आज सुबह गोमे के सरहदी जंगलों में डीआरजी एवं माओवादियो के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान 02 पुरुष माओवादियों का शव बरामद किया गया है. इसके अलावा 01 इंसास राइफल, 01 नग भरमार बंदूक, विस्फोटक सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया गया है। सुरक्षाबल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं. आसपास क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है. विस्तृत जानकारी सुरक्षाबल द्वारा वापस मुख्यालय लौटने पर मिलेगी।

# अनियंत्रित होकर पलटी बस,14 यात्री घायल,2 की हालत गंभीर

**कोंडागांव 21 अक्टूबर 2023 (ए)।**



जिले में शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा हुआ. कोंडागांव नेशनल हाईवे 30 के नारंगी नदी पुल के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में 14 लोग घायल हो गए हैं, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है. हादसे की शिकार बस पायल ट्रेवल्स की बताई जा रही है. वहीं हादसे की जांच कोंडागांव पुलिस कर रही है.

# बेखौफ हुए बदमाशः मारपीट कर चाकू की नोक पर शराब दुकान में लूटपाट



**बिलासपुर 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** जिले के मल्हार चौकी क्षेत्र के मल्हार स्थित देशी विदेशी शराब दुकान में बीती रात 3 अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार का डर दिखाकर शराब दुकान में तैनात 2 सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. बता दें कि नगर पंचायत मल्हार में जोंधरा मस्तुरी रोड में स्थित शराब दुकान में बीती रात 3 अज्ञात नकाबपोश रात करीब 1 बजे के आसपास मल्हार शराब भट्ठी पहुंचे। जहां उन्होंने शराब दुकान में तैनात गार्ड नरेंद्र सोनवानी और उमेश्वर प्रसाद यादव को धारदार हथियार का डर दिखाकर मारपीट करने लगे. फिर उन्हें रस्सी और गमछे से बंधक बना लिया. गार्ड को भी रस्सी से बांधकर एक जगह पर लिटा दिया और चाकू की नोक पर बंधक बनाए रखा. जिसके बाद देशी दुकान के काउंटर में रखे चिल्हर 4440 रुपए और सीसीटीवी कैमरा में लगे मॉनिटर, अंग्रेजी शराब दुकान से लगभग 16 हजार नगद 2 अंग्रेजी शराब की बॉटल और एक लैपटॉप और एक गार्ड के मोबाइल को लूटकर फरार हो गए।



# पुलिस की सरप्राईस चेकिंग

## दो दिन में 12 लाख रूपए जब्त

**धमतरी 21 अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के चलते पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। आज बोराई चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने ओड़िशा के व्यापारी से 10 लाख रुपए बरामद किया है. ओड़िशा के व्यापारी सुभ्रत मंडल दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिस पर पुलिस ने राशि जब्त की. बता दें दो दिन में धमतरी पुलिस 12 लाख रुपए जब्त कर चुकी है. थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत हमराह स्टाफ के साथ पुलिस बेरियर नाका बोराई पहुंचकर सरप्राइस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान वाहन क्रमांक टाटा हेरियर कार क0 सीजी-04 एमएस-1627 ओड़िशा की ओर से आ रहा था, जिसे रोक कर उक्त वाहन कर तलाशी लेने पर चालक के अलावा एक व्यक्ति सामने सीट पर बैठा हुआ मिला। उन्होंने अपना नाम सुब्रत मंडल पिता स्व. चन्द्रकांत मण्डल निवासी रायघर, जिला नवरंगपुर प्रांत (ओडिशा) निवासी होना बताया। उनके पास से एक सफेद कलर के बैग में भरा हुआ 500-500 रुपए का 100 नोटों का बीस गड्डी जुमला 10 लाख रुपए बरामद किया गया। इससे पहले 18 अक्टूबर को धमतरी पुलिस ने करेली बड़ी चौकी क्षेत्र के एसएसटी चेक प्वाइंट बुड़ेनी नवागांव में वाहनों की जांच के दौरान 218500 रुपए बरामद किया था। एसएसटी टीम ने केशव पंडा पिता भास्कर पंडा निवासी ग्राम कामरा ओड़िशा से 218500 रुपए नगद राशि जब्त की थी. उक्त नगदी रकम के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर पुलिस ने कार्रवाई की थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)